तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 12 जुलाई 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार, सीईओ के खिलाफ नारेबाजी





13 दम तोड़ गई नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना और कबाड़ हो गए यात्री प्रतिक्षालय









## खबर संक्षेप




### गांजा बेचते हुए महिला और युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचते महिला व युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांजा बेचते हुए आईटीआई मैदान खुर्सीपार से चंद्रशेखर आजाद नगर स्वीपर मोहल्ला छावनी निवासी अकुला मीना उर्फ ए सुनीता उर्फ गररी, सडक एनएडी क्वाटर नंबर 11 डी बालाजी नगर खुर्सीपार सीएच जयदेव ऊर्फ जयदेव को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस ने गांजा वजनी 1 किलो 175 ग्राम 12 हजार 960 रुपए और बिक्री रकम 500 रूपये, एक्टिवा वाहन को जब्त किया गया। कुल सामानों की कीमत 53 हजार 460 रूपये आंकी गई है।

### मारपीट करने वाले आरक्षक और पत्नी पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पांच दिन पूर्व आरक्षक और पत्नी के साथ मिलकर डॉयल 112 के चालक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि क्वाटर नं. 24 बी रिसाली सेक्टर निवासी मनीष ठाकुर डायल 112 मे भिलाई नगर मे डेढ वर्ष से वाहन चालक है। 7 जुलाई को मनीष के साथ दीपक ठाकुर , नवीन साहु , झम्मन और भिलाई नगर आरक्षक बबलु मिश्रा मचांदुर कार्यक्रम में शामिल होने के लिये निकले। आरक्षक बबलु मिश्रा की वाहन सभी गए हुए थे। बबलु मिश्रा वापस रात 10 बजे घर पहुंचे। बचे लोग उतई थाना के पास रुक गए । पीड़ित मनीष ने बबलु मिश्रा को गाड़ी के पास छोड़ने के लिये बोला था। तब अपने घर के भीतर जाकर आरक्षक ने पत्नि के साथ विवाद किया। आरक्षक की पत्नी ने चालक पर चिल्लाने लगी तब आरक्षक बबलु मिश्रा वाहन में बिठाकर मनीष को छोड़ने के लिये अपेक्स बैंक सिविक सेंटर भिलाई पहुंचा। जहां आरक्षक ने मनीष को गाली गलौज कर रहा था। बबलु मिश्रा ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर मनीष को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। उसके बाद अपनी पत्नी को भी बुलाकर मनीष को पिटवाया। घटना में मनीष को कान पास व छाती मे चोंट आया है। जिसका उपचार सेक्टर 09 अस्पताल में जारी है। इसके अलावा आरक्षक और उसकी पत्नी ने चालक को धमकी दिया था कि उसे झूठे केस में फंसा देंगे।

## भूमाफियाओं ने रोक दिया बाढ़ का पानी

# अवैध प्लाटिंग लील गई नगपुरा के किसानों की 300 एकड़ फसल, खेतों में घुसा बाढ़ का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई

पिछले तीन साल से अवैध प्लाटिंग पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगा रहे किसानों को अपने फसल बर्बाद होने का खामियाजा भुगतान पड़ गया। अवैध प्लाटिंग पर लगाम नहीं लगाने के कारण नगपुरा के 300 एकड़ से ज्यादा की फसल बाढ के पानी की वजह से बर्बाद हो गई। अवैध प्लाटिंग में बाउंड्रीवाल बनाए जाने से बाढ़ का पानी खेत में ही भर गया। इसके चलते किसानों का फसल तबाह हो गया। अब किसानों को दुबारा बोआई करने की चिंता सताने लगी है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है। फसल नुकसान से आक्रोशित किसानों ने जिला प्रशासन को आंदोलन व चक्काजाम करने की चेतावनी दी हैं। किसानों ने बताया कि पानी निकासी अवरुद्ध होने से 300 एकड़ फसल पूरी तरह से गल चुकी है। किसानों ने अवैध प्लाटिंग को जिम्मेदार बताया है। दुर्ग जिले में बीते दिनों लगातार हुई बारिश से सभी नदी नाले खेत खलिहान उफान पर थे। बारिश बंद होने के बाद जलस्तर घटने से स्थिति सामान्य हो गई। लेकिन दुर्ग ब्लॉक के नगपुरा गांव में लगभग 300 एकड़ की धान और अन्य फसल अभी भी डूबी हुई है। किसानों ने इसकी वजह अवध प्लाटिंग को बताया हैं। अपनी समस्या को लेकर ग्रामीण कलेक्टर से पिछले 3 साल से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।



भूमाफियाओं ने बनाई बाउंड्रीवाल, इस वजह से दिक्कत, किसानों ने कहा- करेंगे आंदोलन

### तीन साल से जनदर्शन में शिकायत

हरिभूमि ने नगपुरा के किसानों से बातचीत कि, इस दौरान उन्होंने अपनी पीड़ा बताई है। पीडित चेतन यादव, सुरेश सिन्हा, इरेंद्र यादव, प्रदीप देवांगन, हेमलाल सिन्हा, हेमचंद धनकर बताया कि, नगपुरा जालबांधा रोड के बाएं तरफ उनकी खेत पहली ही बारिश में डूब गई है। 5 वर्ष पहले तक खेतों का पानी आसानी से निकल जाता था। लेकिन अवैध प्लाटिंग करने वालों ने पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिया हैं। अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए हमने गांव के सरपंच, पटवारी तहसीलदार एसडीएम के अलावा पिछले 3 वर्षों से कलेक्टर से जनदर्शन में भी शिकायत करते आ रहे हैं। लेकिन कागजो में ही किसानों का दर्द रह गया।

### निराकरण करेंगे

“ आपके माध्यम से जानकारी मिली है। पानी निकासी की व्यवस्था बनवाई जाएगी। इसके लिए राजस्व अधिकारियों को मौके पर भेज कर निरीक्षण करवा लेंगे। निराकरण किया जाएगा। - **अभीजित सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### बांध फूटने के कगार पर

किसान आकाश सेन और बलराम कौशिक ने बताया कि, अवैध प्लाटिंग की जमीन में बाउंड्रीवाल कर दिया गया है, वही जमीन बिक्री के बाद सभी ने नाले की जमीन को पाट दिया हैं। आकाश सेन ने बताया कि, पिछले वर्ष एसडीएम आए थे। मौके का पंचनामा किया और चले गए। किसानों का स्थाई समाधान अब तक नहीं निकल पाया। प्रशासनिक अधिकारी केवल कागजों पर काम करते हैं। मौके पर कोई काम नहीं दिखता। हम सभी किसानों को 3 साल से केवल आश्वासन ही मिल रहा है। शासन के द्वारा हमें फसलों के नुकसान का मुआवजा भी हमें नहीं मिलता। हमने इस 100 एकड़ की फसल को बचाने के लिए वैकल्पिक तरीके से पानी की निकासी की है। इसका दुष्परिणाम रहा कि, इससे दूसरे तरफ की 200 एकड़ की फसल डूब गई। अब यह पानी 3 सौ एकड़ में भर रहा है। अब बांध भी फूटने के कगार पर है। जिससे फिर सैकड़ों एकड़ की फसल डूब जाएगी।




### राजस्व अधिकारियों की भी मिलीभगत

इस समस्या के सामधान के लिए राजस्व अधिकारी विगत दिनों मौके पर आए थे। किसानों ने बताया कि, जब पटवारियों से पानी बहाव की जानकारी ली गई। सर्वे में पटवारी ने नक्शे में पानी का रास्ता कोई अलग जगह बता रहे थे। किसानों ने बताया कि पटवारी के अनुसार सरकारी रिकॉर्ड में पानी निकासी का रास्ता इन खेतों के लेवल से ऊपर है। किसानों का कहना है कि, उनके समस्या को उन्हे सामाधान चाहिए। आक्रोशित किसानों ने कहा है कि, अब यदि हम किसानों की सुनवाई नहीं होगी तो हम चक्का जाम करेंगे और आंदोलन करेंगे।

## किसान ने की आत्महत्या

# डेढ़ साल बाद भी हैंडराइटिंग की जांच अधूरी, सुसाइड नोट में तीन बिल्डर को बताया था जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जामुल थाना अंतर्गत ग्राम ढौर की घटना

डेढ साल पहले ग्राम ढौर निवासी जुगल किशोर बंजारे ने अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उसके जेब से पुलिस ने एक सुसाइडल नोट बरामद किया था। इसमें शहर के तीन बिल्डरों का नाम उल्लेख था। लेकिन सुसाइडल नोट को हैंडराइटिंग एक्सपर्ट के पास लैब में भेजा गया। डेढ़ साल बीतने के बाद भी रिपोर्ट आज तक नहीं मिल पाई है। परिजन न्याय के लिए भटक रहे हैं। किसान को प्रताड़ित करने वाले आज भी बेखौफ घूम रहे हैं। घटना के समय तत्कालीन थाना प्रभारी केशव राम कोसले थे। इसके बाद थाने में कपिल पाण्डेय भी प्रभार में रहे। उनके बदले जाने के बाद राजेश मिश्रा जामुल थाना प्रभारी के रूप में सेवा दे रहे हैं। बावजूद मृतक किसान जुगल किशोर बंजारे के आत्महत्या मामले में पुलिस का हाथ पूरी तरह खाली है। जबकि मृतक किसान ने तीन बिल्डरों का नाम लिखकर आत्महत्या कर ली। पुलिस किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई मामले में अभी तक नहीं कर पाई है। मृतक किसान जुगल किशोर बंजारे ने 3 फरवरी 2024 को आत्महत्या किया था। जानकारी के मुताबिक बिल्डरों में प्रदीप, इंद्रजीत, राहुल का नाम स्पष्ट रुप से मृतक किसान ने लिखा है। फिर भी पुलिस इसे ठंडे बस्ते में डाल दी। सिर्फ रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जामुल पुलिस ने तत्कालीन थाना प्रभारी ने मामले में केस दर्ज किया था। इसके बाद 19 जून 2024 को सुसाइड नोट को हैंडराइटिंग मिलान के लिए रायपुर स्थित एफएसएल कार्यालय भेजा था।

### पेंट की जेब से मिला था सुसाइड नोट

जुगल किशोर की पत्नी लता बंजारे और मां ने आरोप लगाया था कि प्रदीप यादव, इंद्रजीत, राहुल के नामक बिल्डरों से परेशान था। मृतक किसान जुगल ने उन लोगों से जमीन का सौदा कर लिया था, लेकिन समय बीतने के बाद भी किसान को उक्त बिल्डरों ने जमीन लेकर पैसा नहीं दिया। परेशान होकर किसान ने आत्महत्या कर ली। दरअसल, आत्महत्या की सूचना मिलते ही तत्कालीन थाना प्रभारी केशवराम कोशले और उनकी टीम मौके पर पहुंची थी। जुगल किशोर के लटकते शव की तलाशी लेने पर पैंट की जेब से सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला था।

### जांच हो रही रिपोर्ट का इंतजार

“ पत्र को लैब में जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस आत्महत्या मामले में जांच में जुटी हुई है। रिपोर्ट मिलने पर उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। - **हरिश पाटिल** , सीएसपी छावनी

# पढ़ाई के दौरान ढौर स्कूल का स्लैब गिरा, विद्यार्थी भयभीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ढौर कचांदुर का स्लैब शुक्रवार की दोपहर अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय कक्षा में पढ़ाई हो रही थी। स्लैब गिरने के बाद विद्यार्थी दहशत में आ गए। उन्होंने तत्काल क्लास छोड़ दिया। बता दें कि लंबे समय से स्कूल का हाल है। जहां बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, वहां की दीवारों में सीपेज है। जगह-जगह दरारें हैं। छत के प्लास्टर गिर रहे हैं। इसकी शिकायत जिला शिक्षा विभाग से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। जानकारी के मुताबिक हादसे में किसी भी विद्यार्थी के घायल होने की खबर नहीं है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दुलारी चंद्राकर का कहना है की स्कूल की बिल्डिंग काफी पुरानी है।

# आरटीई के जरिए एडमिशन पाए 74 बच्चों के निष्कासन मामले को कोर्ट ने किया खारिज, प्रवेश का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

उच्च न्यायालय बिलासपुर ने शुक्रवार को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत एडमिशन दिए बच्चों को निष्कासित किए जाने के मामले में एक अहम आदेश पारित किया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि पढ़ने वाले 74 निष्कासित किए गए विद्यार्थियों को तत्काल प्रभाव से विद्यालय में पुनः अध्ययन की अनुमति दी जाए। बता दें कि शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह आदेश जारी किया।

प्रकरण के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 3 जुलाई को इन विद्यालयों को आदेशित करते हुए शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नामांकित विद्यार्थियों को विद्यालय से निष्कासित करने की कार्रवाई की गई। इस निर्णय से बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया था। इसके बाद



■ हाईकोर्ट बिलासपुर में पालकों ने दायर की थी याचिका

विधिक संघर्ष की कमान सांसद विजय बघेल की पहल पर गठित अधिवक्ताओं की टीम ने संभाली। इस मामले में पालकों की तरफ से पक्ष रखा। अधिवक्ता सौरभ चौबे ने बताया कि अधिवक्ताओं के पैनल में वरिष्ठ अधिवक्ता टीके झा और वे खुद शामिल थे। प्रकरण में कोर्ट ने निजी स्कूलों को बच्चों को प्रवेश का आदेश दिया है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि शिक्षा का अधिकार संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार है। इसे किसी भी परिस्थिति में छीना नहीं जा सकता। न्यायालय ने विद्यार्थियों को वर्ष पर्यंत नियमित शिक्षा देने का निर्देश देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के निष्कासन आदेश को अस्थाई रूप से निरस्त कर दिया। पालकों ने इस न्यायिक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका ही आम नागरिकों का सबसे बड़ा संबल है।

## चार युवक गिरफ्तार

# गर्भवती महिला के साथ मारपीट गर्भ में ही हुई नवजात की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ राजीव नगर छावनी का मामला जामुल पुलिस की कार्रवाई

गर्भवती माहिल के साथ मारपीट करने के मामले में गर्भ के नवजात शिशु की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि राजीव नगर जामुल निवासी असरफी देवी ने शिकायत किया। जिसमें बताया गया है कि पड़ोसमें रहने वाले अमरजीत, समरजीत, आकाश, विकाश शराब के नशे में महिला के साथ गाली गलौज कर रहे थे। तभी मना करने पर महिला के साथ चारों युवकों ने मारपीट कर चोट पहुंचाया।

+आहत सोनमती के पेट में 2 माह का गर्भवती भी था। युवकों ने महिला के पेट में लात मारने से गर्भ में ही शिशु की मौत हो गई। उसका डॉक्टरी परीक्षण, क्यूरी कराने के बाद विवेचना में लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा का समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## थोड़ी राहत

## महमरा एनीकट में साढ़े 3 फीट ऊपर से बह रहा पानी

# बारिश थमते ही शिवनाथ का जलस्तर 6 फीट नीचे आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पिछले पांच दिनों के बाद शुक्रवार को बादल पूरी तरह खुले रहे। सुबह से धूप निकली और शाम को बादल जरूर आए लेकिन बरसे नहीं। पाटन और भिलाई तीन क्षेत्र में हल्की बारिश जरूर हुई लेकिन ट्विनसिटी में बारिश नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं शिवनाथ नदी में बैराजों से पानी आना भी बंद हो गया है। जिसकी वजह से शिवनाथ नदी का जलस्तर करीब छह फीट नीचे आ पहुंचा। यहां का महमरा एनीकट के ऊपर केवल साढ़े 3 फीट पानी बह रहा है। मौसम खुलने के बाद लोग शिवनाथ नदी में जलस्तर देखने भी बड़ी संख्या में पहुंचे।



### पांच दिनों तक होती रहेगी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक 12 जुलाई से 15 जुलाई तक बारिश की स्थिति बनी रहेगी। कहीं ज्यादा तो कहीं कम बारिश होगी। मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। मानसून का सिस्टम भी कमजोर हो रहा है। ऐसी स्थिति में बारिश तेज नहीं बल्कि अब मध्यम गति से हो सकती है।

### ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, देवमाली, हमीरपुर, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर से 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्य प्रदेश होते हुए 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### जिले में 302.8 मिमी हो चुकी औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून से 11 जुलाई 2025 तक 302.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 408.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 247.0 मिमी. तहसील बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील धमधा में 254.6 मिमी, तहसील अहिवारा में 359.9 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 272.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 274.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 11 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 5.3 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 3.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### वृद्ध ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**भिलाई।** ट्रेन से कटकर वृद्ध महिला ने आत्महत्या किया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सिरसा रेलवे अण्डरब्रिज के पास पुराने क्रासिंग वाली जगह में डाउन लाइन पर सुबह शांति नगर भिलाई तीन निवासी काशी बाई पटवा 73 वर्ष ने आत्महत्या किया। परिजनों के मुताबिक वृद्ध महिला कुछ दिनों से मानसिक रुप से परेशान थी। अपने घर से काफी पहले निकल गई थी, सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने रेल पटरी पर देखा तो वृद्ध महिला की लाश पड़ी मिली। खबर लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शिनाख्त काशी बाई पटवा के रूप में किया। ट्रेन चालक की सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। घटना स्थल की सीमा भिलाई-3 थाना होने से पंचनामा की कार्रवाई भिलाई 3 पुलिस ने किया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

खबर संक्षेप

### बेरोजगारों के लिए प्रशिक्षण 12 से

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तीकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। संस्थान द्वारा जिला दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों के लिए जुलाई में निःशुल्क आवासीय भोजन व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत 12 जुलाई से किया जाएगा। जिसके लिए कंप्युटर हार्डवेयर नेटवर्किंग 45 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**दुर्ग।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगपुरा द्वारा ग्राम ढाबा में निःशुल्क एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, ग्राम ढाबा के सरपंच कमल नारायण साहू द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। शिविर में आयुर्वेद के 333, होम्योपैथी के 115, शुगर के 55, मोतियाबिंद 1 ग्रामवासी ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में प्रभारी डॉ टिकेश्वरी गनवीर, डॉ समलित ठाकुर, डॉ मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ सुमन साहू, डॉ एकता चन्द्राकर आदि ने सेवाएं दी।

### एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे



**दुर्ग।** ग्राम पंचायत चीचा जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत और शाला परिवार ने मिलकर एक पेड़ माँ के नाम पर तालाब के मेड़, रोड के किनारे, विद्यालय परिसरों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पौधरोपण किया। जिसमें सरपंच पुकेश साहू सहित पंचगण व गांव के नागरिक शामिल हुए। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शाला परिवार के समस्त शिक्षकों का पंचायत द्वारा श्रीफल, लेखनी दे कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए श्री बघेल ने सरपंच और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने कराना होगा पोर्टल में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ वर्ष 2025 से कृषक उन्नति योजना में धान के साथ-साथ फसल विविधिकरण प्रोत्साहन के तहत दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भता के लक्ष्य के साथ योजनान्तर्गत विहित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को आगामी 31 अक्टूबर के पहले पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है।

धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसलें (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल लेने वाले कृषकों को 10 हजार रू प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत 11 हजार रू. प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान किया जाएगा। अतः कृषकों से अपील की गई है कि योजना का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व संबंधित सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

## एकीकृत किसान पोर्टल में 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व पंजीयन अनिवार्य

### योजना का उछेश्य आय बढ़ाना

कृषक उन्नति योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल के काश्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके आर्थिक सामाजिक स्तर में सुधार के साथ उन्नत बीज. उर्वरक कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन तकनीक में निवेश तथा फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देते हुए कृषि लाभकारी व्यवसाय के रूप में पुनर्स्थापित करना है। इस योजना का कियान्वयन खरीफ 2025 से किया जायेगा।



### ये किसान योजना में होंगे पात्र

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे समस्त कृषक, जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. कृषि बीज एवं कृषि विकास निगम को धान बीज का विक्रय किया गया हो, विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल हेतु पंजीयन कराया हो, योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे।

**आक्रोश :** जनहित के मुद्दे पर चर्चा का नहीं मिला अवसर, बगैर चर्चा निकले

# कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार, सीईओ के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य सभा का कांग्रेसी सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया। बैठक में कांग्रेसी सदस्यों ने उनके कार्यकाल के तरह ही मीडिया कर्मियों को प्रवेश भी बैठक में प्रवेश दिए जाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सीईओ ने ऐसा नही कर सकने की बात कही दी। जिससे कांग्रेसी सदस्य नाराज हो गए और उन्होने सामान्य सभा का बहिष्कार कर जिला पंचायत परिसर में निकल गए।

जिला पंचायत परिसर के बाहर विपक्षीय कांग्रेसियों ने सीईओ बजरंग दुबे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, उन्होने इस दौरान सीईओ की मनमानी नही चलेगी जैसे नारेबाजी भी की। उल्लेखनीय है कि, सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा कि, उनके पूर्व के कार्यकाल में मीडियों को प्रवेश दिया जाता रहा है और वे वहां से रिपोर्टिंग करते आए है। लेकिन सत्तापक्ष के इशारे पर सीईओ ने मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसे लेकर कांग्रेस के सभी सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडियों के प्रवेश को इस तरह रोकना बेहद निंदनीय है। इस दौरान उषा सोनवानी, दानेश्वर साहू, आशा विक्की मिश्रा, देवेन्द्र चंद्रवंशी और नोमिन ठाकुर सहित सभी जिला पंचायत परिसर के बाहर निकलकर नारेबाजी करने लगे थे।

## विपक्षीय सदस्यों का आरोप आखिर बंद दरवाजे में बैठक क्यो?



### किसान और शिक्षा सहित कई मुद्दे नही रख पाए

जिला पंचायत परिसर के बाहर आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि, सामान्य सभा की बैठक में सदस्यों द्वारा खेती किसानी में खाद की समस्या और युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षक कमी के मुद्दो उठाने की तैयारी में थे। लेकिन सीईओ के हट और भाजपा सदस्यों की अडियल रवैय्ये के कारण उन्हें बैठक का बहिष्कार करना पड गया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने कहा कि, कांग्रेस कार्यकाल में मीडियों कर्मियों का कभी नही रोका गया, फिर भाजपा ऐसा क्यो करना चाह रही है। उन्होने उनके इस फैसले पर सवाल उठाया और कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही है।

### देखते रह गए भाजपा के दोनो विधायक

सामान्य सभा की बैठक में अहिवारा के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर बैठक में मौजूद थे। सदस्यों ने कहा कि, जब मीडिया कर्मी को भी प्रवेश देने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सीईओ बजरंग दुबे ने आपत्ति जताई, वही दोनो विधायक और भाजपा सदस्यों ने भी इस पर कुछ नही किया। दोनो विधायक के सामने सभी कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा जनता वोट देकर जिन विधायको को यहां तक पहुंचाया, उनकी चुप्पी समझ से परे है।

### शिक्षक की कमी को लेकर जताई नाराजगी

**दुर्ग।** बैठक में युक्तियुक्तरण के बाद भी स्कूल में शिक्षक नही होने का मामला गर्माया रहा। पाटन जनपद अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि जामगांव म में एक भी शिक्षक नहीं हैं, यही हाल गिरहोला स्कूल में बनी हुई है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा बोर खनन के लिए जीआईएस पाइपलान की गुणवत्ता की जांच कर बोरखनन का कार्य किया जाए। शासन को जो मांग पत्र दिया गया है, उसके एक प्रति मुझे उपलब्ध करायी जाए। विधायक ललित चंद्राकर द्वारा निदेर्शित किया गया कि, योजनाओं से संबंधित लक्ष्य एवं शासन स्तर से प्राप्त लक्ष्य एवं उसकी पूर्ति की जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराए। बैठक के दौरान पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बताया गया कि सहायक पशु चिकित्सा की कमी बताया गया। ललित चंद्राकर द्वारा कृषि विभाग को कमेटी बनाने को कहा गया, जिससे वह खाद एवं बीज की बढ़ती कीमतों पर नजर रखें एवं निजी संस्थानों द्वारा खाद एवं बीज को उच्च दामों पर बेचे जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। जितेन्द्र यादव द्वारा ढ़ौर ग्राम पंचायत में पाइपलाईन के विस्तार के उपरांत सड़क मरम्मत का कार्य नहीं किये जाने पर अधिकारी को तत्काल कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए। जांमगांव एम एवं तर्रा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत पाटन में दो कक्ष को जर्जर बताया गया। जिसको तत्काल दुरूस्त करने की कार्यवाही किये जाने हेतु डीईओं को निर्देशित किया गया। वर्तमान में शिक्षक विहीन शालाओं की जानकारी चाही गई एवं अतिशेष प्रधानपाठकों की पदस्थापना की जानकारी चाही गई। पाटन जनपद अध्यक्ष ने कहा जामगांव म में शिक्षक नहीं हैं। तत्काल शिक्षक की व्यवस्था की जाए। बटंग में हायर सेक्डरी स्कूल की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत बिरोदा में शिक्षक एवं प्रधान पाठक नहीं होना बताया गया।

# आप ने की पोर्टल में गड़बड़ी करने वाले दोषियों पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

आम आदमी पार्टी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरटीई पोर्टल को हेकिंग कर प्रवेश कराने के संबंध में शिकायतकर्ता भगवंत राव तथा जिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन आप के प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग मेहरबान सिंह, जिला उपाध्यक्ष भिलाई नगर प्रभारी जसप्रीत सिंह व प्रदेश सचिव ज्योति की अगुवाई में भिलाई पुलिस कंट्रोल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने भगवंत राव की शिकायत पर जांच कर पोर्टल में गड़बड़ी करने का दोषी 17 पालकों को पाया है और कार्रवाई के तहत बच्चों का एडमिशन सिर्फ रद्द कर दिया है उन पालकों के विरुद्ध अपराध दर्ज क्यों नहीं कराया। कुल 74 बच्चों का एडमिशन रद्द हुआ उनमें से 17 हैकिंग के दोषी है।

आप ने सवाल किया है क्या बच्चों के एडमिशन को लगभग 2 साल हो चुके है शिकायर्ता भगवंत राव ने जिला शिक्षा अधिकारी को 27 अगस्त 24 को आरटीई के पोर्टल को हैक करने की शिकायत की तो क्या साथ में कोई साक्ष्य दिया है, क्या शिक्षा विभाग आरटीआई के पोर्टल को हैक करने की जांच करने की दक्षता रखता है, क्या शिक्षा विभाग ने इस जांच में पुलिस की कोई सहायता ली। सहित अन्य सवाल शामिल हैं।

के ज्योति ने कहा क्या निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने या किसी गुप्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक गड़बड़ी करने की कहानी गढ़ कर एडमिशन रद्द करने का षड्यंत्र रचा गया और षड्यंत्र को सफल बनाने में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की गई तथा निर्दोष पालकों को ये अपराध करने का दोषी करार दे दिया गया है। उन्होंने दोषियों पर अपराध दर्ज कर प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर जसप्रीत सिंह, रवि राय, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, रऊफ अनसारी, हर चरण सिंह, बलविंदर सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, यासमीन, सचिन बंजारे, प्रमोद कुमार, रितु रात्रे आदि मौजूद थे।

# सफाई कार्य का निरीक्षण करने वार्ड में पहुंची महापौर, अतिक्रमण को हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण हटाने कहा

नगर पालिक निगम के तहत शहर की सफाई वयवस्था पर लगातार निगम अमला कार्य कर रहा है। महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बोरसी वार्ड 51 में सफाई कार्यो का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई और सुधार कार्यो को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कलकत्ता स्वीट से इशू बाड़ी गार्डन तक नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

महापौर ने सड़क क्षेत्र और घरों व दुकानों के सामने और नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गार्डन की सफाई निरन्तर करते रहें। इन कार्यों को पूरा करने से वार्ड 51 वृंदावन नगर की स्वच्छता और सुंदरता में सुधार होगा। उन्होंने सड़क किनारे नालियों के आस पास से झाड़ियों व घास को हटाने कहा। इस दौरान महापौर ने साफ-सफाई के साथ घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद साजन जोसेफ, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता विकास दमाहे सहित अन्य सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# लॉटरी पद्धति से 33 हितग्राहियों को मिला अपना आवास

**भिलाई।** नगर पालिका निगम रिसाली द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रति शैलेंद्र कुमार साहू, आयुक्त मोनिका वर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत मोर मकान मोर आस योजना के तहत लॉटरी पद्धति द्वारा पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन किया। हितग्राही स्वयं लाटरी पद्धति में शामिल होकर आवास चुना। साथ ही मोर ज़मीन मोर मकान योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के प्रमाण-पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किए। यह योजना शहरी गरीब परिवारों को सम्मानजनक आवास प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो जनकल्याण और समावेशी विकास के संकल्प को साकार कर रही हैं। मोर मकान मोर आस के तहत लक्ष्मी नगर 36 यूनिट एवं प्रदीप्ति नगर 348 यूनिट में इन हितग्राहियों को आवास मिला मिला। साथ ही मोर ज़मीन मोर मकान के अंतर्गत 90 पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि गरीबों के पक्के मकान के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। इस अवसर पर अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, अनिल देशमुख, रोहित धनकर आदि मौजूद थे।



# इंदिरा मार्केट पहुंचे विधायक, समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- अनाज व सब्जी व्यापारियों से की चर्चा, जानी समस्याएं



शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र इंदिरा मार्केट का विधायक गजेन्द्र यादव ने दौरा किया और वहां कार्यरत व्यापारियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने पहल की। विधायक यादव ने अनाज लाइन, फल एवं सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और गांधी चौक स्थित ट्रांसफार्मर की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। मौके पर उन्होंने व्यापारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा योजना समेत केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी फुटकर व्यापारियों से कहा कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लें।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की इंदिरा मार्केट में व्यापारियों, विशेषकर अनाज एवं फल विक्रेताओं से भेंट कर समस्याओं को जाना और सभापति श्याम शर्मा एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग समेत कई विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक सुरक्षा उपाय पर जल्द ही कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारी प्राथमिकता है कि हर नागरिक को एक सुरक्षित और व्यवस्थित बाजार मिले तथा इंदिरा मार्केट सुरक्षित और सशक्त व्यापार का केन्द्र बने।

# बाढ़ से बचाने सभी ब्लॉक के स्कूली बच्चों को किया जाएगा प्रशिक्षित

## आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम करेंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- ब्लाकों में 25 शासकीय अधिकारी को मिलेगा प्रशिक्षण

प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, लू एवं शीत लहर से होने वाले नुकसान की रोकथाम एवं न्यूनिकरण के उद्देश्य से जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के अंतर्गत केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग एवं स्कूल सेफ्टी पॉलिसी के तहत स्कूल आयोजित किए जा रहे हैं।

इस क्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड में 25-25 शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ब्लॉक के 250-250 स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को दो बैचों में स्कूल स्तर पर वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देना, बचाव के उपायों को समझना और समुदाय में जागरूकता फैलाना है, जिससे आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। स्कूली बच्चों को विशेष रूप से आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे ताकि वे न केवल स्वयं की सुरक्षा कर सकें, बल्कि दूसरों को भी जागरूक कर सकें। जिले के विकासखंडों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) प्रशिक्षण और जागरूकता के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों, बच्चों की सूची बनाकर प्रारूप अ एवं प्रारूप-ब में प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराना होगा।

# हितग्राहियों को 50% अनुदान का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- 50% अनुदान में प्राई व फिंगररिन बीज का वितरण



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धमधा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र देवरी में मत्स्य बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग को प्राप्त कार्य क्रमशः मत्स्य बीज प्रक्षेत्र देवरी में समुदाय के लिए जल संचय तालाब का नवीनीकरण एवं स्टोन पीचिंग कार्य, समुदाय के लिए डब्ल्यूबीएम रोड का निर्माण कार्य तथा समुदाय के लिए संघ भवन निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर मत्स्य पालन विभाग के उप संचालक सीमा चन्द्रवंशी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रक्षेत्र प्रभारी सहायक मत्स्य अधिकारी गिरिश कुमार वर्मा ने अवगत कराया कि, वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को स्पॉन उत्पादन हेतु 400 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य पूर्ति हेतु कार्य जारी है। वर्तमान में जिले में 110 मत्स्य सहकारी समितियां कार्यरत है। मछुआ सहकारी समिति, मछुवा समूह एवं निजी मत्स्य कृषकों को माह जुलाई अग्रिम पाक्षिक माह से 50 प्रतिशत अनुदान में प्राई एवं फिंगररिन मत्स्य बीज का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह को उप संचालक ने मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, इन्क्यूबेशन पूल, स्पॉनिंग फूल, संवर्धन पोखर एवं प्रजनक पोखर में मछली पालन से संबंधित कार्य के विषय में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत पंचायत के तालाबों मत्स्य बीज स्पॉन संवर्धन योजना अंतर्गत किसानों को मत्स्य बीज 100 प्रतिशत अनुदान पर लाभान्वित तथा हितार्थ किया जाता

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी से उपभोक्ता बेहाल, नए मीटर से अलग परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- ग्रामीण क्षेत्रों में है बुरा हाल, जेब कट रही

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा घरेलू बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है। इसे लेकर उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश है। इसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर जैसे शहरों में लोग बेहाल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों मे तो बहुत बुरा हाल है। घंटो बिजली गुल रहती है।

उपर से स्मार्ट मीटर लग जाने से लोग अलग परेशान हो रहे हैं। बहुत तेजी से लोगो की जेब कट रही है। इतना सब होने के बावजूद भी बड़ी ही बेशर्मी से साय सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर दी है। यह कहते हुए की केवल बीस पैसे प्रति यूनिट ही बढ़ा है। जब कि वास्तविकता यह है कि गरीब की झोपड़ी मे भी 100 युनिट से ज्यादा बिजली का बिल आता है, यह सरासर लूट है। सरकार का कहना है कि एक जुलाई से बढ़ी हुई दरें लागू होगी। अगस्त माह में बढ़ा हुआ बिल आएगा, लेकिन सभी घरेलू उपभोक्ताओं के घर की बिजली की रीडिंग माह की दस तारीख को होती है। जुलाई दस तारीख को रीडिंग ली गई है। एक से लेकर दस तारीख का बिल जून माह के साथ आएगा। इसका मतलब जुलाई माह से ही बढ़ा हुआ बिल आना शुरू हो गया है।

## खबर संक्षेप

### भव्य कांवड़ यात्रा 27 जुलाई को

**भिलाई।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के पवित्र मास में भव्य कावड़ यात्रा जीवन आनंद फाउंडेशन के तत्वावधान में निकाली जाएगी। 27 जुलाई को निकाली जाएगी। जो खुर्सीपार शिवालय ग्राउंड से होते हुए प्राचीन देवबलोदा मंदिर पहुंचेगी। आयोजक पार्षद विनोद सिंह ने बताया कि 27 जुलाई रविवार को खुर्सीपार मंदिर में सुबह 7 बजे विधिवत पूजा-पाठ कर यात्रा की शुरुआत की जाएगी। विनोद सिंह ने वार्ड 42 जोन 1 शिवाले प्रांगण से प्राचीन शिवमंदिर देव बलोदा के लिए प्रस्थान करेगी। 27 तारीख दिन रविवार सुबह 7 बजे कावड़ यात्रा प्रारंभ होगी।

### शाला प्रबंधन समिति की रंजीता अध्यक्ष, पूनम बनी उपाध्यक्ष



**उतई।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला घासीदास नगर घुघसीडीह में सत्र 2025 26 के लिए नवीन शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रंजीता जोशी, उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम पाटील को चुना गया। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि भोजराज टंडन, हेमंत टंडन, धनराज बंजारे, भुवन यादव, रामबाई, योगेश्वरी, संतोषी यादव, भारती पाटिल, रोमिन आडिल, हेमा आडिल, गायत्री यादव, कोमिन यादव, प्रीति पाटिल, रूखमणी महिपाल, पूर्णिमा यादव, रिभा महिपाल आदि मौजूद थे।

### टोलाघाट हुआ जलमग्न



**पाटन।** पाटन क्षेत्र ठकुराइन टोला शिव मंदिर टोला घाट में भारी वर्षा के चलते टोलाघाट जलमग्न हो गया है। खारून नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से मंदिर के चारों ओर पानी भर गया है, जिससे मंदिर तक पहुंचने का मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। श्रद्धालुओं को फिलहाल मंदिर न आने की अपील की गई है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है एवं राहत दल तैनात कर दिया गया है।

## निधन

### हिरदे राम साहू



**भिलाई।** अरसनारा (ननकट्टी) निवासी हिरदे राम साहू 90 वर्ष का निधन 10 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवकुमार साहू, सुदन साहू, शिवनारायण साहू , शिवप्रसाद साहू ग्राम पंचायत कचान्दुर सचिव एवं रमेश कुमार साहू के पिता थे।

### हरीश विश्वकर्मा



**भिलाई।** कैंप 1 भिलाई निवासी हरीश विश्वकर्मा का निधन 11 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम सस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मनीष व प्रकाश विश्वकर्मा के भाई थे।

## आरोप: पूर्व मंत्री साहू ने कहा-जनता का नुकसान कर रही भाजपा सरकार

# दम तोड़ गई नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना और कबाड़ हो गए यात्री प्रतिक्षालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आरोप लगाया है कि मौजूदा भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद कर जनभावना से खिलवाड़ कर रही है। इससे जनता का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता-मंत्रियों को भी यह भली-भांति पता है पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा लायी गयी 'नरवा, गरुवा, घुरवा आउ बारी' योजना एक महत्वपूर्ण पहल थी। इस योजना को ग्रामीण विकास और लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से बनाया गया था और विस्तृत राज्य में इसका असर भी देखा जा रहा था। कांग्रेस सरकार द्वारा लायी गयी इस योजना के माध्यम से भूजल पुनर्भरण, सिंचाई और जैविक खेती, किसानों को दोगुनी फसल लेने, पशुओं की उचित देखभाल सुनिश्चित करने, पारंपरिक रसोई उद्यान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत

**पिछली सरकार की योजनाओं पर नही हो रहा अमल**




करने और पोषण स्तर में सुधार करने में बहुत मदद मिली थी। साहू ने आगे कहा कि सब जानते हैं कि सत्य को छुपाया नहीं जा सकता है। वर्तमान भाजपा की सरकार ने इस योजना को बंद जरुर कर दिया है, पर ये तस्वीर पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा लायी गयी नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बारी योजना के महत्व को बखूबी रेखांकित कर रही है। नरवा, गरुवा, घुरवा आउ बारी योजना में नरवा के अंतर्गत आवश्यकतानुसार नालों, नालों और नहरों में बनाए जा रहे बाँधों की जाँच की जाती थी, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और जल पुनर्भरण से भू-स्तर के क्षरण को रोका जा सके। इससे खेती-किसानी में आसानी हो रही थी। गरुवा के अंतर्गत, गांवों में चाहे कितना भी पशुधन हो, उनके लिए एक डे-केयर सेंटर की व्यवस्था की जा रही थी जहाँ वे आसानी से रह सकें और उन्हें चारा, पानी उपलब्ध हो सके। इसके लिए गौठान निर्माण से लेकर आवश्यक संसाधन, भूमि आदि उपलब्ध कराए जा रहे थे। घुरवा अंतर्गत एक गड्ढा किया जाता था जहाँ मवेशियों का गोबर और अपशिष्ट जमा किया जाता था, जिससे गोबर गैस और खाद बनाई जा रही थी। और बाड़ी अंतर्गत घर से लगा एक बगीचा बनाया जाता था, जिसमें पोषण हेतु फल-फूल तथा सब्जियां उगाई जा सके। बाड़ी लगाने के लिए मनरेगा से सहायता दी जा रही थी।

# अतिक्रमण से मुसीबत में है कुर्मीगुंडरा के ग्रामीण, प्रशासन से कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

कुर्मी गुंडरा में बारिश का पानी नहीं निकलने के कारण एक पीड़ित का मकान गिर गया। वही अगर जल्द ही अतिक्रमण हराकर पानी निकालने का रास्ता नहीं बनाया गया तो दो और ग्रामीण का मकान गिर सकता है। इसे इसे लेकर पीड़ितों ने शुक्रवार को पाटन को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2020-

- **बारिश का पानी जमा होने से टूट गया पीड़ित का मकान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



21 में ग्राम पंचायत कुर्मीगुण्डरा एवं तहसील जामगांव आर में विष्णु ठाकुर द्वारा गली में किये गये अतिक्रमण को हटाने आवेदन प्रस्तुत किया गया था। विष्णु ठाकुर द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण में रोक लगाते हुए स्थगन आदेश भी नायब तहसीलदार जामगांव आर द्वारा जारी किया गया है।

उक्त आदेश की अवहेलना करते हुए अतिक्रमणकारी ने घर की छत ढलाई पूर्ण कर ली। उक्त प्रकरण में अंतिम सुनवाई करते हुए नायब तहसीलदार जामगांव आर ने अतिक्रमण हटाने ग्राम पंचायत कुर्मीगुण्डरा को निर्देशित किया। उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिसबल एवं विभागीय अधिकारी उपलब्ध कराते हुए कब्जा हटाने की मांग दो बार किया गया। दोनो ही बार तिथि घोषित होने के बावजूद ही कब्जा हटाने की कार्यवाही करने विभागीय अधिकारी एवं पुलिसबल उपलब्ध नही कराया गया। जिसका परिणाम आज ये रहा कि इस वर्ष बारिस में गली के पीछे पानी ठहराव की वजह से परमिला यादव का घर टूट गया। वही पास में रहने वाले बलदाऊ पटेल एवं सोहागा पटेल का घर भी टूट सकता है। पूर्व में दिये गये आवेदन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि पानी ठहराव की वजह से घरो का क्षतिग्रस्त होना दर्शाया गया है। उक्त गली को बाधित करने की वजह से परमानंद पटेल के खेत में आवागमन बाधित हो गया है। अतिक्रमण नही हटाये जाने के कारण पीड़ित का घर क्षतिग्रस्त होता है तो पीड़ित परिवार एस डी एम कार्यालय के सामने धरना में बैठने की बात कही।

### शनि मंदिर तालाब संरक्षण के लिए पौधारोपण आज

**धमधा।** ऐतिहासिक नगर धमधा में तालाब संरक्षण की दिशा में बिरझापुर स्थित शनिदेव तालाब का जीर्णोद्धार किया गया है, इसमें हमेशा स्वच्छ जल भरा रहे, इसके लिए तालाब के आसपास वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। 12 जुलाई शनिवार को वहां दो सौ से अधिक पौधे लगाए जाएँगे, इसमें हर पौधे को बड़ा करने के लिए एक-एक व्यक्ति जिम्मेदारी लेंगे। धर्मधाम गौरवगाथा समिति और अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग ने ग्राम पंचायत बिरझापुर के सहयोग से यह कार्य आरंभ किया है। पहले तालाब का गहरीकरण किया गया। 12 जुलाई को सुबह 10 बजे संगोष्ठी के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। संगोष्ठी का विषय है प्राचीनकाल के स्वच्छ तालाब। इसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. एस.के. पांडेय मुख्य अतिथि होंगे। विशेष वक्ता के तौर पर घासीदास संग्रहालय रायपुर के संग्रहालयाध्यक्ष एवं पुरातत्वविद् प्रभात कुमार सिंह होंगे। तालाब जीर्णोद्धार के साथ ही पार में पौधे लगाकर उसे उद्यान के रूप में विकसित करने की अभिनव पहल की जा रही है।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू, लगा रहे नसबंदी शिविर

**उतई ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में 11 जुलाई को नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुक्रवार को शुरू हुआ। विकासखंड दुर्ग (ग्रामीण) में



18 जुलाई तक चलने वाले पखवाड़े में 12 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में पुरुष नसबंदी शिविर रखा गया है। 14 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम एवं 15 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में महिला नसबंदी शिविर होगा। इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉक्टर एन. एल. बंजारे ने दी । नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू एवं नगर पंचायत उतई के स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू ने क्षेत्र की जनता को इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र गोलन, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी विक्रम सिंह रामटेके, मुकेश कुमार मेश्राम स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उतई , नगर पंचायत के पार्षदगण सोनू राजपूत, खुबीराम साहू , अनीता सिंह गढ़े, शिवकुमार ठाकुर, एलएचव्ही धनेश्वरी साहू, दामिनी साहू, मीना वर्मा, एल के साहू, क्षेत्र की समस्त मितानिन एवं जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अछोली शराब दुकान को अनापत्ति की अफवाह पर सरपंच ने की शिकायत और जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

अछोली शराब दुकान को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने की अफवाह की बीच सरपंच ने जिला प्रशासन से शिकायत कर जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि धमधा किसान बंधु संगठन द्वारा धमधा में बीते मंगलवार को धमधा में अछोली ग्राम में शराब दुकान खोलने के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें हजारों की भीड़ में जनता का जन सैलाब देखने मिला। वही ग्राम पंचायत अछोली में स्थानीय सरपंच नैन बाई के ऊपर आरोप लगाया गया कि शराब दुकान को खोलेंने के लिए पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। सरपंच नैन बाई ने इसे सिरे से गलत करार देते हुए कहा कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार से शराब दुकान खोलने के लिए अभिमत या अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। न ही ऐसे किसी दस्तावेज में हस्ताक्षर किया है। महिला सरपंच इस बात से आहत होकर बेवजह इस अफवाह को फैलाने वाले षड्यंत्रकारी के खिलाफ जांच की मांग को लेकर पंचों के साथ अनुविभागीय अधिकारी धमधा कार्यालय पहुंची। जहां पर अनुविभागीय अधिकारी से इस मामले की शिकायत की जिसपर अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवेदन में जांच करने की बात कही,और शिकायत में निराकरण का भी आश्वाशन दिया। इस मौके पर किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल, नैन बाई सरपंच अछोली, ढालु वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल , चितरंजन अग्रवाल, राजेन्द्र वर्मा , प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

- **अनुविभागीय अधिकारी ने दिया जांच करके निराकरण का आश्वाशन**

### अछोली में कौन है जो खुलवाना चाहता है शराब दुकान

वही यह प्रकरण ग्रामवासियों के लिए सवाल बनकर खड़ा हुआ है। दबी जबान में आमजन इस षड्यंत्र के पीछे कतिपय सफेद पोश नेताओं का हाथ बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है अगर किसी दल के नेता या कार्यकर्ताओं की जमीन शराब दुकान खोलने के लिए ली जाती है तो यह पूरे क्षेत्र को नशे की आगोश में धकेलने वाला षड्यंत्रकारी कदम साबित होगा।

## अंचल की खबरें

### हर्षोल्लास से मनायी गुरुपूर्णिमा



**पाटन।** ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला देऊरझाल पतोरा में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गुरु सम्मान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच भुनेश्वर साहू, विशेष अतिथिगण कोसानाला नेहरूनगर भिलाई के क्लब संचालक शेषनारायण चंद्राकर एवं कोच सहदेव देशमुख र विशिष्ट अतिथिगण शिक्षाविद रामचंद्र जांगड़े ग्राम पंचायत पतोरा के पंच चित्रसेन कलिहारी, पंच रूपेश कोसरे और डीलेश्वरी देशलहरे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच भुनेश्वर साहू ने कहा कि हमारे जीवन में गुरुजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच भुनेश्वर साहू, शेषनारायण, सहदेव देशमुख ,शिक्षाविद रामचंद्र जांगड़े, समाजसेवी दिलीप कुर्रे, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार साहू , सहायक शिक्षक रोशन कुमार साहू,पंचगण चित्रसेन कलिहारी, रूपेश कोसरे, डीलेश्वरी देशलहरे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया वरिष्ठों का सम्मान




**उतई।** जिला भाजपा के निर्देश पर मरोदा -पुरैना मंडल की ओर से गुरु पूर्णिमा पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके तहत राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शासकीय प्राथमिक शाला नेवई की शिक्षिका डॉ निलांजना जैन एवं पद्म श्री से सम्मानित डॉ राधेश्याम बारले का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल , पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे जी, कार्यक्रम संयोजक राजूराम, शेष जांगड़े, उपेन्द्र रिगरी, रानू धनकर, पूनाराम कलियारी, भूपेन्द्र बेलचंदन, योगेश महिपाल, डामन लाल, केशव महिपाल, भागवत बुंदेला, तोखराम साहू ,नरेन्द्र निर्मलकर, धनुष यादव, राजेश यादव, देवेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार चोपड़े ,कृष्ण कुमार सिंह, रविदास मानिकपुरी, रंजन कुमार सिन्हा, प्रेम लाल निर्मलकर, सर्वश्रीमती संध्या वर्मा, शिखा तिवारी, राधा साहू,संगीता राय,गीता यादव, पार्वती साहू, सुमित्रासाहू ,राजकुमारी,खेमिन चतुर्वेदी, राधिका, श्याम कुंवर बंजारे और खेमिन देशलहरे आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय संस्कृति में जाना गुरु का महत्व




**भिलाई।** ग्राम पंचायत कचांदुर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल परिसर में शिक्षकों का सम्मान किया गया। शाला प्रबंधन और शाला विकास समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से गुरुजी स्व. चिंताराम यादव प्रधान पाठक कचांदूर की स्मृति में शाला परिवार ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। खेमलाल यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरू के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है तथा गुरू समाज के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। उनके मार्गदर्शन से ही संस्कारवान व राष्ट्रप्रेमी पीढ़ी का निर्माण होता है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, सरपंच कीर्तन साहू, शाला विकास समिति से लोकेंद्र बंछोर, उप सरपंच उदय वर्मा, सीताराम वर्मा, पूर्णिमा यादव, भानुमति पटेल, संजय पटेल, किशोर यादव, अशोक साहू, आशीष यादव, वेद प्रकाश यादव, गायत्री यादव, संगीता यादव व सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### जामगांव आर भाजपा मंडल ने गुरुओं का किया सम्मान



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर भरर में सम्मान समारोह आयोजित कर प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को श्रीफल एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल, प्रो. नीता कुम्हारे, रजनीश तिवारी, डॉ. आबिद हासन खान, ऐश्वर्य ठाकुर, चेतना सोनी, मनोज यादव, मुकेश कठोटिया, संतोष पांडे एवं पूरन लाल शर्मा का सम्मान किया गया। शिष्य गुरु से शिक्षा प्राप्त कर अपना जीवन संवारता है। सम्मान समारोह में महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष नरेश केला, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, मंडल महामंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा, उपसरपंच मुकेश साहू, अंगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## अन्तिम 2 दिन शेषः दर्शकों की बेहद मांग पर अब 13 जुलाई तक आपके शहर में जादूगर दीप कुमार

**भिलाई।** पिछले 28 दिनों से अय्यप्पा मन्दिर (ऑडिटोरियम) सेक्टर 2 भिलाई में आप सभी का भरपूर मनोरंजन कर रहे जादूगर दीप कुमार के जादू शो का अब आपके शहर भिलाई में कुछ दिन ही शेष है। दर्शकों की बेहद मांग पर 13 जुलाई तक आपके शहर में रहेंगे। इसके बाद यह जादू शो का काफिला किसी दूसरे शहर की ओर रवाना हो जाएगा। 3 सप्ताह से चल रहे जादू शो में ढेर सारे नए नए करतब दिखाए जाते हैं, जिसे देखने के लिए शहर के सभी वर्ग लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं। जादू शो के दौरान, पब्लिक के बीच से एक लड़की को बुलाकर 10 फिट ऊपर हवा में उड़ाना, एक खाली बॉक्स से चार-चार लड़कियों का प्रदर्शन, पलक झपकते जादूगर का गायब हो जाना, इन्द्रजाल एवम माइम मैजिक ऐक्ट ने जमकर तालियाँ बटोरी। जादू शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह एवम दीपक सिंह ने बताया कि हमारा यह शो पूर्णतः पारिवारिक है, जिसे आप सपरिवार एक साथ बैठ कर देख सकते हैं। इसका



टिकट आप ऑनलाइन jadugardeepkumar.com या ऑफलाइन टिकट काउन्टर से ले सकते हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जामुल, तहसील भिलाई-03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

विषयः-सूचना-सीमांकन बाबत।

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार भिलाई 03 राजस्व प्रकरण क्रमांक 202503101600007 आदेश दिनांक 29/05/2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री ब्रज किशोर शर्मा पिता श्री बच्चा लाल शर्मा ग्राम जामुल प.ह.नं. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल जामुल, तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1112/2, 1112/8 रकबा 0.429, 0.326 हे.

भूमि का सीमांकन दिनांक 17/07/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12 से 5 बजे के बीच न्यायालय तहसीलदार द्वारा गठित टीम के माध्यम से स्थल पर किया जाना है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त खसरा नंबर पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्वाधिकार के दस्तावेज नक्शा, खसरा, बैनामा तथा राजस्व की प्रतिलिपि सहित मौका पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जामुल

**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

खेलन दास एवं अन्य .............वादीगण

प्रति

शौकत अली व अन्य .......प्रतिवादीगण

आदेश दिनांक : 05/07/2025
प्रकरण क्र. : 314 / 2003
पेशी तारीख : 18/07/2025
प्रोसेस क्र. :

**समंस**

श्रीमती राविया शाहीन पति मोहम्मद फहीम
निवासिनी - डॉ. वाकोडकर अस्पताल के पास
नेहरू नगर, ईस्ट भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)

वादी ने प्रतिवादी के विरूद्ध व्यवहार वाद क्र. 314 / 2003 खेलन दास एवं अन्य प्रति शौकत अली का दावा प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई के लिए दिनांक 18/07/2025 को दिन के 11:00 बजे उत्तर देने के लिये नियत किया गया है । आप न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजो जो आपके कब्जो में हो पेश करें जिन पर प्रतिरक्षा आधारित है यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायालय मे अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

अतः आज दिनांक 11/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

दिनांक :- 11/07/2025

मुहर

नवम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

**बिजनेस साइट**

## मोमेंटम निवेश की ताकत को समझें



**लोकेश कुमार साहू,**
**म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई**

**भिलाई।** क्रिकेट की दुनिया में, हम अक्सर खिलाड़ियों के "इन फॉर्म" या "आउट ऑफ फॉर्म" होने के बारे में सुनते हैं। फॉर्म में रहने वाला खिलाड़ी वह होता है जो अच्छा प्रदर्शन कर रहा हो। स्वाभाविक रूप से, टीम की जीत की संभावना बढ़ाने के लिए इन खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन में चुना जाता है। जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते, उन्हें आमतौर पर तब तक आराम दिया जाता है जब तक वे अपनी फॉर्म वापस नहीं पा लेते। मोमेंटम निवेश भी इसी सिद्धांत पर आधारित है । यह अच्छा प्रदर्शन करने वाले या "इन-फॉर्म " स्टॉक चुनता है और पिछड़े स्टॉक को छोड़ देता है । विजेताओं का समर्थन करने और कमजोर प्रदर्शन करने वालों को छोड़ देने की यह रणनीति पोर्टफोलियो को बाजार के मोमेंटम का लाभ उठाने और उससे लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

किसी स्टॉक को बाजार में मूल्य या आय की गति का आनंद मिल सकता है। मूल्य गति विभिन्न समयावधियों में अनुकूल वैल्यू ट्रेंड्स और रिस्क- एडजेस्टेड रिटर्न पर आधारित होती है। अर्निंग्स मोमेंटम वाले स्टॉक वे होते हैं जो आय वृद्धि की तेज गति प्रदान कर रहे होते हैं और या तो आय के लंबे समय तक वैसे ही बने रहने में योगदान दे रहे होते हैं या आम सहमति के अनुमानों को पीछे छोड़ रहे होते हैं । स्ट्रक्चर्ड या साइक्लिकल ट्रिगर किसी कंपनी की मध्यम से लॉन्गटर्म कमाई की ट्रांजेक्टरी को आकार दे सकते हैं।

बाजार के मोमेंटम का एक हालिया उदाहरण 2023-2024 में इंडियन पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू) शेयरों में देखा गया। भारत सरकार ने सड़क, रेलवे, रक्षा और ऊर्जा पर पूंजीगत खर्च बढ़ा दिया था, और इन क्षेत्रों के पीएसयू शेयरों को प्रत्यक्ष लाभ हुआ । मेक इन इंडिया पहल ने भी इनके रणनीतिक आकर्षण को बढ़ाया, जिससे निवेशकों का प्रवाह बढ़ा। इसके अलावा, वर्षों तक लोकप्रियता से बाहर रहने के बाद, ये शेयर कम मूल्यांकन पर कारोबार कर रहे थे, जिससे लाभ की संभावना बनी। बाजारों ने 2024 के आम चुनावों के बाद नीतिगत निरंतरता को भी ध्यान में रखा, जिससे इन शेयरों को बढ़ावा मिला ।

सक्रिय रूप से प्रबंधित मोमेंटम रणनीतियों का उद्देश्य बाजार में ऐसे प्राइस और आय रुझानों की निरंतरता का लाभ उठाना और उसी के अनुसार अपने पोर्टफोलियो का निर्माण करना है । जिस तरह एक क्रिकेट टीम मैच जीतने के लिए अपने फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों पर निर्भर करती है, उसी तरह एक निवेश पोर्टफोलियो बाजार के मोमेंटम के साथ तालमेल बनाए रखकर लाभ कमा सकता है।

हालांकि, मोमेंटम-संचालित शेयरों और समाचारों से प्रभावित शेयरों की पहचान करना रिटेल निवेशकों के लिए जटिल हो सकता है, जिसके लिए गहन टेक्निकल और फंडामेंटल एनालसिस की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में, प्रोफेशनल्स द्वारा प्रबंधित मोमेंटम - फोक्सड म्यूचुअल फंड्स एक सुविधाजनक सॉल्यूशंस के रूप में सामने आते हैं। यहां, आप आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, जो एक ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड है जो कमाई या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है। इस ऑफर का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेश के लिए खुला रहेगा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक को जाति सूचक गाली गलौज, गिरफ्तार



**पाटन।** शिक्षक को जाति सूचक गाली देने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सतनामी समाज का प्रतिनिधि मंडल थाना प्रभारी से मुलाकात कर शिकायत किया था। पाटन पुलिस ने बताया कि पीड़ित शिक्षक चेतन दास बंजारे ने पुलिस को लिखित में शिकायत किया। जिसमें लेखराम वर्मा जो एलबी मिडिल स्कूल तेली गुंडरा में शिक्षक के रुप में पदस्थ है। पीड़ित शिक्षक का वीडियो बनाकर उसे कर्मियों को भेज दिया। इसके साथ की जाति सूचक आपत्तिजनक शब्दों का भी लेखराम प्रयोग किया था। इसके कारण पीड़ित काफी परेशान था। घटना की जानकारी सतनामी समाज के लोगों को मिलने पर तुरंत पीड़ित शिक्षक को न्याय दिलाने प्रतिनिधि मंडल पुलिस से मुलाकात कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए जाति सूचक गाली देने वाले शिक्षक लेखराम वर्मा को पकड़ा गया।

### पैरोल में छूटा आरोपी चकमा देकर हुआ फरार, गिरफ्तार



**पाटन।** पैरोल पर छूटकर आने वाले युवक ने फिर अपराध कर फरार हो गया। शिकायत पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। घटना पाटन थाना क्षेत्र का है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम दैमार निवासी संजू वैष्णव पैरोल में छुटकर आया था। पैरोल का समय समाप्त होने के बाद वे वापस जेल नहीं पहुंचा। बल्कि ग्राम रवैली के नंदन यादव के घर पहुंचा, जहां से वाहन और रुपए लेकर मौके से फरार हो गया। जब पीड़ित को पता चला कि संजू पैरोल पर घर आया था को पुलिस में शिकायत करने के बाद उसे पकड़ा गया। गौरतलब हो कि संजू वैष्णव महिला के हत्या मामले में जेल में है हाल ही में उसे पैरोल में छोड़ा गया था लेकिन संजू पैरोल समाप्त होने के बाद भी जेल न जाकर फरार हो रहा था। पुलिस ने शिकायत के बाद उसे पकड़कर जेल भेज दिया है।

# शहर में सड़कों पर मवेशियों का जमघट, चालक हो रहे हादसों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेशनल हाइवे पर मवेशियों का लगातार जमघट लगने से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहें है। बारिश के दिनों में सड़को पर बैठे आवारा मवेशी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन पशुओं का सड़क किनारे जमावड़ा लगा रहता है। इससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय ये मवेशी हाईवे पर दिखाई ही नहीं देते हैं, जिससे हादसे का शिकार चालक होते है। दुर्ग से कुम्हारी के मध्य नेशनल हाइवे में यहां रोज मवेशियों के कारण हादसे होते है। पहले तो प्रशासन इनके सींगों पर रिफ्लेक्टर का स्टीकर चिपकाता था। मगर अब मवेशियों के गले में रेड़ियम पट्टी भी लगाया जा रहा है। बावजूद मवेशियों के कारण हादसे लगातार बढ़ रहें है। सिर्फ टोल नाके के आसपास एक बोर्ड लगाकर एजेंसी खानापूर्ति करती है। नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। आए दिन इन पशुओं के कारण कोई न कोई हादसा होता रहता है। कभी पशु घायल होते हैं तो कभी गाड़ी सवार। इन्हें बचाने के चक्कर में कई बार हादसे हो चुके हैं। आवारा पशुओं के झुंड के झुंड बैठे रहने के कारण कई बार जाम भी लग जाता है। आए दिन इन पशुओं को बचाने के चक्कर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## भिलाई-दुर्ग की सड़कों पर उतर आए मवेशी, ट्रैफिक पुलिस ने निकायों को लिखा पत्र

### सूखे की तलाश में बैठते हैं

नेशनल हाईवे पर जगह-जगह डिवाइडर के किनारे ये आवारा मवेशी बैठे रहते हैं। बारिश के दिनों में ये मवेशी सूखे की तलाश में यहां बैठते हैं। इन मवेशियों को गुजरते वाहनों से लगने वाली हवा से मक्खी और मच्छरों से राहत मिलती है। लेकिन ये चालको के लिए बड़े घातक साबित हो रहें है। मवेशियों के कारण कई लोग अपनी जान गंवा चुके है। समस्या का समाधान करने ट्रैफिक पुलिस ने सारे निगम, पालिका को पत्र भेजा है बावजूद अब तक निगमों द्वारा मवेशियों को लेकर कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

### मवेशियों के कारण मौतें

| | |
|---|---|
| 2023 | 70 |
| 2024 | 75 |
| 2025 | 25 |



### रेड़ियम पट्टी लगाने का काम जारी

मवेशियों के गले में रेड़ियम पट्टी लगातार लगाया जा रहा है। नगर निगम, पालिकाओं को भी पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। ट्रैफिक पुलिस हादसों को रोकने के लिए लगातार अभियान भी चला रही है। रात को भी सड़को पर पेट्रोलिंग किया जाता है।

-ऋचा मिश्रा, एएसपी ट्रैफिक पुलिस

## टाउनशिप में बढ़े अवैध निर्माण, अवासीय ब्लॉकों के पीछे टनों कचरा

# नालियों में बिछाए पेवर ब्लॉक पानी निकलने का रास्ता जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तीन दिन की लगातार वर्षा से पानी पानी हुई बीएसपी टाउनशिप ने हजारों निवासियों की परेशानी बढ़ा दी। चारों ओर जलजमाव ने आगे रहवासियों के साथ प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। बारिश से जलभराव की वजह हजारों आवासीय ब्लाकों के पीछे बैकलेन की सफाई नहीं होने, नालियों और सड़कों पर बिछाए गए पेवर प्लाक और अवैध निर्माण होना है। यूनियनों ने बारिश के शुरुआती दौर में ही सेक्टरवासियों के विकट दिक्कतों को देखते हुए फौरी तौर पर समस्या के निदान की मांग की है।

दस पंद्रह साल पूर्व तक चारों ओर खुला स्पेस और सुविधाओं से पूर्ण माने जाने वाला सेक्टरी इलाका अब बारिश के मौसम में क्षेत्रवासियों समस्या बनता जा रहा है। मंगलवार से तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश से टाउनशिप में सैकड़ों आवासों, बाजारों, सड़कों, भवनों के आसपास पानी भर गया। अवासों में कई लोगों टूल्लू पंप लगाकर पानी निकालना पड़ा। रहवासियों व यूनियनों के मुताबिक पिछले कुछ साल से हर बार बारिश में चारों ओर जलभराव की ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है। इसका एक बड़ा कारण सभी सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे बेकलेन की सफाई नहीं होना है। साथ ही नगर निगम द्वारा अधिकतर सेक्टरों में सड़कों के किनारे और नालियों पर पेवरब्लाक बिछा दिए गए हैं। जगह जगह विभिन्न प्रकार के अवैध निर्माण और घरों के सामने नालियों पर वाहन पोर्चिंग के लिए फ्लोरिंग कर ली गई है। गाजर घास और झाड़ियों की सफाई नही हुई है और डोर टू डोर कचरा भी नियमित नहीं उठने से और नालियों में जाम होने से पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के जीएस वीबी सिंह ने बताया कि तीन दिन की बारिश से कई घरों के अंदर पानी भर गया। जलजमाव की समस्या के निदान के लिए बेललेन की सफाई व अवैध निर्माणों को हटाने की मांग प्रबंधन से की गई है।

### यूनियनों ने की जलभराव की समस्या निदान के लिए सफाई की मांग



### पेवर ब्लाक से बढ़ी समस्या

अधिकतर सेक्टरों में पिछले पांच दस साल के दौरान सहायक एवेन्यू मार्ग और क्रास स्ट्रीटों सहित क्वार्टरों के सामने,भवनों, भवनों, खेल परिसरों पूजा स्थल परिसरों के चारों तरफ पेवर ब्लाक बिछाए गए हैं। नगर निगम द्वारा कई सेक्टरों में बेतरतीब ढंग से नालियों पर भी पेवर ब्लाक तान दिए गए हैं। सेक्टर 2, सेक्टर 8, सेक्टर 5 सेक्टर 1 आदि कई सेक्टरों में फर्शीकरणनुमा पेवर ब्लाक से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। कई पेवर ब्लाक तो टूटकर नालियों में गिर गए हैं। चौतरफा पेवर ब्लाक से भी बारिश में जलजमाव की समस्या बढ़ रही है।

### आवासीय ब्लाकों के पीछे कचरे का पहाड़

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे वर्षों से जमा घरेलू कचरे और खरपतवारों का पहाड़ जमा हो गया है। बीएसपी द्वारा इससे जलभराव और अस्वच्छता की समस्या बढ़ने की शिकायतों के बाद भी अब तक सफाई नहीं कराए जाने से हर साल मानसून में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है और पीछे से घरों में पानी भर जाता है। तत्कालीन केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय की पहल पर बीएसपी ने एक अरब की लागत से बेकलेन सफई की योजना बनाई थी लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। रहवासियों ने बताया कि कचरे की सफाई नही होने से ही हर बारिश में घरों में दो तीन फीट पानी भर जाता है।

# मानसून में डेंगू की रोकथाम के लिए बीएसपी का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मानसून के आगमन के साथ ही जलजनित एवं मच्छरजनित रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। डेंगी आदि बीमारियों की रोकथाम और नागरिकों को जागरूक करने में भिलाई इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत डेंगू, मलेरिया, टायफाइड एवं दस्त जैसी दूषित जल एवं मच्छरजनित बीमारियों से बचाव हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत व्यापक सर्वेक्षण, निरीक्षण, दवाइयों का वितरण एवं कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न सेक्टरों में कुल 37251 आवासों का निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया।प्रबंधन के मुताबिक अब तक कुल 26682 कूलरों व 2979 टंकियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 730 टंकियों को खाली कराया गया।



### टायरों व कंटेनरों का सर्वेक्षण

इसके अतिरिक्त 4783 कंटेनरों, 764 टायरों का निरीक्षण कर उन्हें खाली कर उनकी सफाई व कीटनाशकों का छिड़काव आदि किया गया है। 1955 आवासों का निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया। कुल 1416 कूलरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 226 कूलरों को खाली कराया गया। कुल 174 टंकियों का निरीक्षण किया गया, जिसमे से 55 टंकियों को खाली कराया गया इसके अतिरिक्त 208 कंटेनरों, 38 टायरों का निरीक्षण कर उन्हें खाली कर उनकी सफाई व कीटनाशकों का छिड़काव आदि किया गया। 922 घरों में टेमिफस का वितरण तथा 266 घरों में कीटनाशक का स्प्रे किया गया।

## जनसंख्या नियंत्रण बिल के समर्थन में रूद्र सेना ने निकाली यात्रा

**दुर्ग।** जनसंख्या नियंत्रण बिल लागू करने के पक्ष में रुद्र सेना ने सनातन समाज के साथ मिलकर पैदल मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट तक पहुंचकर सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। एसडीम को अवगत कराया गया कि यह बिल जल्दी से जल्दी लागू होना चाहिए। इसके लिए सांसद विजय बघेल का आभार भी व्यक्त किया गया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का पहला ज्ञापन विजय बघेल ने ही आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय बघेल, अरुण बेरी, जीप तिवारी, शारदा गुप्ता, सच्चिदानंद दुबे, पिंकी सिंह, नीलू शर्मा, संध्या सिंह, नवीन जैन, संजय शर्मा, अरविंद सिंह, उदय ढाबले, अजय चक्रवर्ती, दयाशंकर पांडे, जेपी शुक्ला, प्रशांत क्षीरसागर, प्रवीण नायर, अय्यपन दास, गुजराती समाज से अध्यक्ष ललित पांडे, दिनेश भाई, सुनील भाई, चेंबर ऑफ कामर्स से अजय भसीन सहित अन्य मौजूद थे।



# टाउनशिप में लाइलाज हो चली बिजली गुल होने की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- सेक्टर 1 व 8 में रोज एक घंटे अघोषित बिजली कटौती

टाउनशिप में आए दिन बिजली की आंखमिचौली की समस्या अब लाइलाज होती जा रही है। बिजली गुल होने से रहवासियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के अधिकतर सेक्टरों में किसी भी समय बिजली गुल हो रही है। बारिश के मौसम अचानक बिजली चली जाने से लोगों की तकलीफ का अंदाजा लगाया जा सकता है। सेक्टर एक व सेक्टर 8 आदि कुछ सेक्टरों में तो दोपहर बाद 3 से 4 बजे के बीच बिजली गुल होने अघोषित कटौती की तरह हो गया है। रहवासियों ने बताया कि जैसे ही 3 बजता है लोग बिजली गुल होगी अनुमान लगा लेते हैं। इसी तरह सेक्टर 7, सेक्टर 2, 4 सेक्टर 7 और रिसाली तथा रुआबांधा सेक्टर में भी सुबह, दोपहर व शाम व रात आधा घंटा से दस पंद्रह मिनट के लिए समय के लिए एक दो दिन के अंतराल में बिजली की आंखमिचौली से अंधेरे के साथ बिजली के उपकरण बंद हो जाने से महिलाओं व बच्चों को परेशानी हो रही है। कई बच्चे रुटीन की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं जिन्हें भी असुविधा होती है। रहवासियों ने बताया कि अफसरों के घरों में बिजली गुल नहीं होने या कभी कभार होने से उन्हें वर्कर्स व परिवार के लोगों की परेशानियों का



### तारों में झाड़ियों से बढ़ी समस्या

टाउनशिप में पिछले कुछ समय से बिजली गुल होने की बढ़ी समस्या का एक बड़ा कारण पुराने व कम हार्सपावर के ट्रांसफार्मपर होने, बिजली विभाग में मेन पावर कम होने व कई क्षेत्रों मेंस्ट्रीट लाइट के तारों के निकट सघन पेड़ों की झाड़ियों की कटाई नहीं किया जाना है। गर्मी में अंधड़ आने व अभी बारिश में हवा बारिश से पेड़ों की डालियां तारों पर झूलने या टकराने से स्पार्किंग होते रहती है और बिजली गुल हो जाती है। क्षेत्रवासियों ने

# बीएसपी ठेका मजदूरों को सुरक्षा पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उपयोगिताएं संगठन द्वारा ठेका श्रमिक सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र परिसर स्थित वर्क्स बिल्डिंग 3 सभागार में हुआ। मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक जेपी सिंह ने की। समारोह में10 ठेका कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ठेका श्रमिकों को तीन श्रेणियों सुरक्षा सर्वोत्तम, सुरक्षा अनमोल तथा सुरक्षा दक्ष श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत सुरक्षा सर्वोत्तम से 02 श्रमिक को, सुरक्षा अनमोल से 2 श्रमिक और सुरक्षा दक्ष से 6 श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एमवी बाबू, महाप्रबंधक एस के बेहरा, महाप्रबंधक नदीम खान सहित उपयोगिताएं संगठन के विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अतिथियों ने शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने और सुरक्षित कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक एसपी निगम द्वारा किया गया।

# कंडम आवासों के लिए नगर निगम लिखेगा भिलाई इस्पात संयंत्र को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- मकान मालिकों के दस्तावेज जांचने दिए निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 5 अंतर्गत सेक्टर 6 नाला सफाई का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। सेक्टर 06 स्थित नाला के समीपस्थ बसाहट बीएसपी द्वारा निर्मित निचला क्षेत्र है। निर्मित क्वाटर नाला के समीपस्थ एवं कम उचांई में है, जहां रिटर्निंग वाल की आवश्यकता है। बीएसपी द्वारा निर्मित जर्जर भवनों का अवलोकन कर पत्राचार हेतु जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किए। ताकि आने वाले समय में अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त ने जोन 01 अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर में साफ-सफाई का अवलोकन किए एवं स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजन के लिए सेंटर प्रमुख को निर्देशित किए। वर्किगं वुमेन हास्टल निर्माण हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से डी.आई.सी. शैलेन्द्र सिंह के साथ 2 स्थल राधिका नगर, जुनवानी रोड का अवलोकन किए। अवैध एवं अतिक्रमण निर्माणाधीन 3 मकानों का औचक निरीक्षण किया गया एवं मकान मालिकों का दस्तावेज परीक्षण हेतु भवन अधिकारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, दीपक देवांगन उपस्थित रहे।



## जेएलएन अस्पताल में जनसंख्या दिवस कार्यक्रम

# चिकित्सकों ने आबादी नियंत्रण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- सेक्टर-9 हास्पिटल में कार्यक्रम

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 में 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जेएलएन चिकित्सालय में इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस सुनियोजित अभिभावकत्व के लिए गर्भधारण के समय और अंतराल का स्वस्थ निर्धारण थीम पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डां. एम. रविंद्रनाथ व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी, डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां सौरभ मुखजएँ एवं डां. उदय कुमार थे। मुख्य अतिथि ने रविंद्रनाथ ने फीता काटकर पोस्टर और स्लोगन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसंख्या वृद्धि से संबंधित जागरूकता पर आधारित एक विशेष पैम्फलेट का विमोचन भी किया गया।कार्यक्रम में पीजी कालेज आफ नर्सिंग, शंकराचार्य कालेज आफ नर्सिंग तथा अपोलो कालेज आफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इन पोस्टरों में जनसंख्या नियंत्रण से जुड़े तथ्य, समाधान और सामाजिक संदेशों को कलात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया। डां. रविंद्रनाथ ने कहा कि, 'जनसंख्या वृद्धि देश और विश्व के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। जब तक हम सभी नागरिक इस मुद्दे पर जागरूक नहीं होंगे, तब तक कोई भी नीति या कार्यक्रम प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित नही हो पाएगी। यह कार्यक्रम जागरुकता की पहल है।



### नुक्कड़ नाटक व क्विज भी हुई

डीएनबी चिकित्सकों डां. अर्चिता, डां. सोनाली, डां. अन्नपूर्णा, डां. तान्या, डां.गीता, डां. साधिर, डां. श्रद्धा, डां. पारुल और डां. आकाश द्वारा जनसंख्या जागरूकता विषय पर स्किट और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। क्विज प्रतियोगिता जेएलएन चिकित्सालय, नर्सिंग कालेज और अन्य विभागों से चिकित्सकों, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लिया। स्पर्धा के विजेताओं और स्किट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## विशेष बैठक के बाद सफाई व्यवस्था हुई तेज, सफाई करने में जुटा भिलाई निगम



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विशेष बैठक आयोजित कर दिए गए निर्देशानुसार निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला तेजी से कार्य कर रहे है। शहर के बड़े नालों का विशेष अभियान चलाकर चैन माउंटेन, जे.सी.बी. एवं सफाई गैंग के माध्यम से सफाई कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना की उपस्थिति में कोसा नाला में निर्माणाधीन पुल के नीचे निर्माण सामग्री को एजेंसी से ही हटवाया गया। इसी प्रकार खुर्सीपार के तेल्हा नाला, बापू नगर, गौतम नगर आदि सभी नालों के पुल एवं सकरे जगहों पर जे.सी.बी. एवं सफाई कर्मी लगाकर वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे होने वाले बारिश के पानी का निकासी निरंतर हो सके और अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



फरिश्ते जमीं पर


लाइव इवेंट

## जनवादी लेखकों की सद्भाव-यात्रा का फोल्डर विमोचित



**भिलाई।** अगासदिया परिसर आमदी नगर में सद्भाव यात्रा पर केन्द्रित फोल्डर का विमोचन प्रोफेसर डीएन शर्मा एवं इन्टेक की भिलाई चैप्टर प्रभारी शिक्षाविद डॉ. हंसा शुक्ला ने किया। फोल्डर का सम्पादन साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने किया। कमलेश चंद्राकर, मुनीलाल निषाद, बद्रीप्रसाद पारकर, अशोक आकाश, अब्दुल कलाम तथा मुहम्मद जाकिर हुसैन के सहयोग से यह फोल्डर तैयार हुआ। विमोचन के अवसर पर डॉ. परदेशीराम वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के गांवों, कस्बों में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल हमें सामाजिक जीवन में मिलती है। साथ ही मंदिर, मस्जिद बनाने में आपसी समझदारी सहयोग भी देखने योग्य है। पहले पड़ाव की कहानियां फोल्डर चित्रों के माध्यम से दर्ज है। इस दौरान सद्भावना के यात्रियों ने अपने वक्तव्य में अनुभव साझा किए। डीपी देशमुख ने कहा कि कलाकार अबू तारिक ने सदैव साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए काम किया। देशमुख ने बताया कि हिन्दू मुस्लिम एकता के जीवंत प्रतीक अमीन बख्श थे। रामायण पर पूरे छत्तीसगढ़ में वे व्याख्यान देते थे। वे जीवन भर रामायण पार्टियों को सहयोग करते रहे। पन्द्रह वर्ष तक रामायण पार्टी के अध्यक्ष रहे।

लाइव इवेंट

## सिख समाज के लोगों ने सामूहिक प्रयास से कराया अंतिम संस्कार



**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति ने सामूहिक प्रयास से दिवंगत का अंतिम संस्कार कराया। समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने बताया कि समिति का गठन हुए कुछ ही महीने का समय हुआ है। पांच उद्देश्यों के लिए समिति गठित की गई है। इसमें सिख समाज से जुड़े व्यक्ति के बच्चे की फीस, प्रतिभावान खिलाड़ियों के नेशनल या इंटरनेशनल चैम्पियनशिप का खर्च, मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार की पूरी व्यवस्था, नशे की लत छुड़ाने के लिए प्रयास करना है। संस्थान ने इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 9755212855 जारी किया है। भिलाई में रहने वाले किसी भी सिख परिवार को किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता हो, उन्हें मदद दी जा रहही है। इसके लिए अलग-अलग टीम भी बनाई गई है। निर्धन कन्या के विवाह को लेकर भी संस्था द्वारा आर्थिक मदद की जा रही है। हर गुरुद्वारे में प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान खबर मिली कि 32 एकड़ में रहने वाले बलबीर सिंह की मृत्यु हो गई है। उसके अंतिम संस्कार के लिए समिति से आग्रह किया गया। अंतिम संस्कार की सभी सामग्री और दाह संस्कार के बाद लंगर सेवा समिति ने मदद की। अंतिम संस्कार के दौरान यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह मौजूद रहे। यह जानकारी कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने दी।

लाइव इवेंट

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में एडमिशन के लिए पंजीयन 13 तक 18 को जारी होगी सूची

**भिलाई।** तकनीकी शिक्षा संचालनालयायपुर द्वारा पॉलीटेक्निक



संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन कांउसिलिंग का कार्यक्रम जारी किया गया है। आधिकारिक वेबसाइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in एवं https://cgdte.admissions.nic.in पर शैक्षणिक अर्हता एवं प्रवेश सम्बन्धी नियमों का अवलोकन किया जा सकता है। पॉलीटेक्निक दुर्ग में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी के माध्यम से नॉन-पीपीटी के माध्यम से तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से सत्र 2025-26 में मेरिट के आधार पर द्वितीय चरण के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद रिक्त सीटों में संस्था स्तर पर प्रवेश हेतु पंजीयन 13 जुलाई तक किया जा सकता है। प्रावीण्यता सूची 18 जुलाई को शाम 4 बजे जारी की जाएगी। मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर प्रवेश का अवसर लेने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में 19 जुलाई को सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा। संस्था द्वारा आवंटित सीटों पर प्रवेश लेने का कार्य 19 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 22 जुलाई दोपहर 1 बजे तक होगा। यदि संस्था में सीट रिक्त हो तो मेरिट सूची के अनुसार जो विद्यार्थी अवसर लेने के लिए संबंधित संस्था में19 जुलाई की सुबह 10 बजे उपस्थित नहीं हो पाए, उन्हें 22 जुलाई को दोपहर डेढ़ बजे से शाम साढ़े 5 बजे के मध्य प्रवेश दिए जाने की प्रक्रिया की जाएगी।

### शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 का 39 वां स्थापना दिवस और ज्ञान गंगा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

# ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने, प्यार बांटते चलो नृत्य पर नन्हे बच्चों ने बटोरी तालियां, अहिल्या बाई के नाटक की दी आकर्षक प्रस्तुति

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई का 39वां स्थापना दिवस ज्ञान, गौरव, सम्मान समारोह के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने, प्यार बाँटते चलो और विट्ठल मोउली और छत्तीसगढ़ी गीत आगे हरेली तिहार सहित पंजाबी और शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही आपरेशन सिंदूर और महिला सशक्तिकरण पर आधारित अहिल्या बाई होलकर पर नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान 10वीं व 12वीं में शत प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 के 39वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई डायरेक्टर प्रो राजीव प्रकाश, विशेष अतिथि आईसी.डब्ल्यूएआई वाइस चेयरमेन सीए विकास गोलछा उपस्थित थे। सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वास्तिक मंत्र के साथ स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं राज्यगान की प्रस्तुति दी। इसके बाद श्री चन्द्रशेखरेन्द्र स्वामिगल एवं माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। प्राचार्य बिपिन देशमुख ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और शालेय विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों के जीवन का उद्देश्य केवल एक अच्छी नौकरी ही न रखें, बल्कि उन्हें एक अच्छा नागरिक बनने और समाज के विकास में सहयोग करने की भावना के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर एटमास्को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सहयोग से बने चिनाब ब्रिज निर्माण में विशेष सहयोग के लिए कंपनी के एम डी और विद्यालय के सचिव एस. स्वामीनाथन को सम्मानित किया गया। शालेय पत्रिका शंकरा ज्योति का औपचारिक विमोचन किया गया। जिन सहयोगी कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण किए उन्हें सम्मानित किया गया।







### शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दी गीत की प्रस्तुति

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओ ने जहाँ डाल–डाल पर सोने की चिड़ियि करती है बसेरा,,, गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा के.जी.-II के नन्हें बच्चों ने डमरू बजाया भोलेनाथ ने, पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने प्यार बाँटते चलो गीत में नृत्य की प्रस्तुति दी। तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने विट्ठल मोउली और छत्तीसगढ़ी गीत आगे हरेली तिहार में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

### 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

कक्षा बारहवी में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों में समृद्धि बैनर्जी वाणिज्य संकाय, निखिल गवेल गणित, ऐश्वर्या शर्मा जीवविज्ञान आई.पी. व्यवसाय अध्ययन जैसे विभिन्न विषयों में सौ प्रतिशत पूर्णांक प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों में तोशिबा देवांगन, आकाश दुबे, अन्वेषा वर्मा तथा गणित, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत जैसे विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत पूर्णांक प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया, साथ ही उस विषय से संबंधित शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। शैक्षणिक स्तर पर स्थान प्राप्त पहली से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस.स्वामीनाथन, अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, कोषाध्यक्ष टी.आर.वेंकटरमन, प्राचार्य बिपिन देशमुख एवं अन्य सदस्य, उपप्रधानाचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन, चरनीत कौर संधु, पालक शिक्षण समिति के सदस्य एवं सभी शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।




## लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**दुर्ग ।** अंतर्राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने प्रहलाद रुंगटा के अलावा प्रथम उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष सुधीर खंडेलवाल, सचिव नवीन जैन, कोषाध्यक्ष हरिंदर भाटिया, टेमर मनीष रुंगटा, टेल ट्विस्टर सुनील अग्रवाल, मेंबरशिप चेयरपर्सन दीपक तुमाने, पीआरओ आशीष निमजे, क्लब डायरेक्टर अरविंद खंडेलवाल, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कल्पना भाटिया, रेखा रुंगटा, आराधना खंडेलवाल, मीणा खंडेलवाल, मनीष रुंगटा, शारदा बोथरा, राजश्री तुमाने, ललिता निमजे, पूजा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नई कार्यकारिणी को शपथ अधिकारी द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक द्वारा शपथ दिलाई गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी ने प्रहलाद रुंगटा के नेतृत्व वाली नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए क्लब द्वारा साल भर किए गए सेवाभावी कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने नई कार्यकारिणी से संगठन और समाज हित में आगामी समय में भी बेहतर कार्य करने की



आशा व्यक्त की। पवन मलिक ने कहा कि लायंस क्लब एक ब्रांड है। यह संगठन सेवाभावी कार्य करने का मंच प्रदान करता है, जो क्लब के सदस्यों को समाज में एक विशेष पहचान दिलाती है। विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ राजकुमार शर्मा व जोन चेयरपर्सन सुमन पांडेय ने भी लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन के कार्यों की प्रशंसा की। शपथ ग्रहण समारोह में संगठन के नए सदस्य उत्कर्ष शर्मा का स्वागत किया गया। इसके अलावा पिछले कार्यकाल में क्लब के कार्यों में सहयोगी बने खंडेलवाल महिला मंडल और समाजसेवी पप्पू रुंगटा का सम्मान किया गया। यह सम्मान रिजन चेयरपर्सन अनिल अग्रवाल भिलाई द्वारा उनके क्रमशः क्लब द्वारा डोंगरगढ़ पदयात्रियों के सेवार्थ लगाए गए सेवा पंडाल और रक्तदान शिविर के आयोजन में सराहनीय योगदान देने के लिए प्रदान किया गया। समारोह का संचालन अरुण अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी अरविंद खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर रीजन अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, हरमीत सिंह भाटिया, अमर गुप्ता, राजेश जैन,आदित्य शर्मा,टीडी सक्सेना के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## गुजराती भवन में साधकों ने किया योग

**दुर्ग।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा सामूहिक गुरु पूजा का आयोजन गुजराती समाज भवन लुचकी पारा में किया गया। इस दौरान योग कर निरोग रहने का संदेश दिया गयया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सामूहिक गुरु पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद साधकों ने सत्संग का आनंद लिया। श्रीफल और उपहार देकर शिक्षकों का सम्मान किया गया। अंत में भोजन प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संस्था के प्रशिक्षक हरि टांक ने बताया कि गुरुदेव रवि शंकर द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था



द्वारा विगत 27 वर्षों से विभिन्न स्थानों में आनंद की अनुभूति शिविर लगाया जाता है। इसमें योग, ध्यान, प्राणायाम व सबसे महत्वपूर्ण सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सुदर्शन क्रिया को 150 मानसिक बीमारियों के लिए रजिस्टर्ड किया है।




### आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में वैदिक यज्ञ का आयोजन, दी भजनों की प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

# प्रशंसा करें, आनंद में रहें, दुखी रहने से स्थिति नहीं बदलती, आनंदित रहते हुए करें चुनौतियों का सामना

**भिलाई।** हम लोग तर्क-वितर्क में उलझे रहते हैं। यह उलझन हमारे जीवन का कब हिस्सा बन जाती है हमें समझ में नहीं आता। हम गाना भूल जाते हैं, आनंदित होना भूल जाते हैं और किसी के खुशी में शामिल होने या किसी को खुश देने में पीछे रह जाते हैं। जीवन में जब-जब ऑप्शन मिले दूसरे की प्रशंसा अवश्य करें। हमेशा आनंदित रहें। क्योंकि दुखी रहने से ना तो स्थिति बदलती है और न हीं कोई दूसरा बदलता है। आनंदित रहने से हमारा जीवन और क्षमताओं में चुनौतियों का सामना करने की शक्ति बदल जाती है या बढ़ जाती है। जीवन में खुश रहने की यह बातें वैदिक यज्ञ के दौरान डॉ अजय आर्य ने कही।

आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान रवि आर्य एवं कमलेश आर्य बने। आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्र पाठ करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। नंदलाल शास्त्री ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

आचार्य डॉ.अजय आर्य कहा कि ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना और उपासना की व्याख्या करते हुए महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने लिखा है दूसरों कि विनम्रतापूर्वक प्रशंसा सदा किया करें और हमेशा आनंद में रहे। ऋषि के इस वाक्य में जीवन के लिए दो सूत्र छिपे हुए हैं। प्रशंसा करने से डोपामिन को




सकारात्मकता मिलती है। डोपामाइन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेशों को प्रसारित करने में मदद करता है। इसे अक्सर खुशी का रसायन कहा जाता है, क्योंकि यह प्रेरणा, आनंद और इनाम की भावनाओं में भूमिका निभाता है। जिस दिन आप प्रशंसा करने लगेंगे, उसी दिन आपके जीवन में आनंद प्रवेश करने लगेगा। गायत्री शब्द का यही अर्थ है कि ईश्वर के गीत गाने का सामर्थ्य और जो ईश्वर के सामर्थ्य का गुणगान करता है ईश्वर उसका मान करते हैं। अपने मित्रों, प्रशंसकों, संबंधीय पुत्र पौत्रों की प्रशंसा करके देखिए सकारात्मक आनंद बहने लगेगा।

आचार्य ने उदाहरण देते हुए बताया कि एक जगह पार्टी चल रही जहां कोने में आइसक्रीम रखी हुई थी। जो भी आइसक्रीम लेने जाता वहां एक व्यक्ति आदर पूर्वक नमस्ते करता उसके मस्तिष्क में टीका लगाता। वहां आर्य व्यक्ति भी गया। उसे देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई उसने टीका लगाने वाले व्यक्ति से कहा आप बहुत अच्छे लोग हैं सज्जन लोग हैं एकदम भारतीय संस्कृति का आपने ध्यान रखा है। सभी को तिलक- चंदन लगा रहे हैं नमस्ते कर रहे हैं मुझे बहुत अच्छा फील हो रहा है। उसे व्यक्ति ने मुस्कुराते हुए कहा कि हमें भारतीय संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं। हम कोई तिलक चंदन नहीं जानते। हम तो बस लोगों को निशाना लगाते जा रहे हैं कि किसने आइसक्रीम ले ली कोई दोबारा ना आ जाए। हमें यह सुनकर के हंसी आती है लेकिन सच्चाई है। आप अपने जीवन में ऐसा निशान लगाइए कि पता लग जाए आप आध्यात्मिक है। दया, प्रेम, शालीनता, विनम्रता, सहानुभूति आध्यात्मिक होने की निशानियां है।

### जीवन का मूल्यांकन

डॉ आर्य ने कहा कि जीवन का मूल्यांकन करते हुए यह मत देखिए कि आपने कितने प्लॉट खरीदे, कितना बैंक बैलेंस इकट्ठा किया। कितना सोना चांदी है आपके पास। बस आप यह देखिए कि जहां पर आप खड़े होते हैं वहां लोगों का विश्वास प्रबल होता है या नहीं। वहां सकारात्मक खुशी आनंद का माहौल होता है या नहीं। अगर आपके आने या आपकी उपस्थिति मात्र से सुख दुख में बदल जाए आनंद का स्रोत सूखने लगे तो समझ लो कि आप सफल नहीं है, आध्यात्मिक नहीं है। कार्यक्रम के अंत में रवि आर्य एवं कमलेश आर्य को 51वें वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर पुष्प वृष्टि करके मंत्र पाठ पूर्वक बधाई दी गई।

● क्षेत्रीय साहू मित्र सभा, भारतीय बौद्ध महासभा सहित समाजों ने गुरु जनों से लिया मार्गदर्शन

# भंते ने परित्राणाय पाठ कर गौतम बुद्ध के बताये मार्ग पर चलने का दिया संदेश, विभिन्न समाजों ने किया गुरु महिमा का गुणगान

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई 1119 के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में भंते शीलरत्न के सानिध्य में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर वर्षावास का प्रारंभ हुआ। इस दौरान भंते ने भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और बाबासाहेब डॉ आम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रजल्वित किया। संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम, उपाध्यक्ष विनोद वासनिक, महासचिव रामराव ढोक और पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भंते का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। भंते ने परित्राणाय पाठ, सुत्त पठन किया और धम्मदेशना प्रवचन देते हुए कहाँ कि भगवान बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर अपना जीवन सुखी बनाये। भगवान बुद्ध अपने जीवन काल में वर्षावास के दौरान अपने शिष्य को धम्म की शिक्षा देकर शिक्षित किया करते थे और बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार के लिए सभी दिशाओं में भेजा करते थे। इसी प्रकार यहाँ पर भी वर्षावास तीन महीने तक निरंतर आषाढ़ पूर्णिमा से अश्विन पूर्णिमा तक चलता रहेगा। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिलाएं, सामान्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





### गुरु दक्षिणा समर्पित की

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक डॉ आर. पी. बिन्दु के योगदान को कविता के माध्यम से गुरु-दक्षिणा समर्पित की गई।

### गुरु शिष्य को महान बनाने में कोई कसर नही छोड़ते

**भिलाई।** क्षेत्रीय साहू मित्र सभा खुर्सीपार भिलाई द्वारा गुरु पूर्णिमा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर में मुख्य अतिथि माखनलाल साहू संपादक साहू सृजन पत्रिका रायपुर, सुन्दर लाल साहू सह संपादक, वैद्य गुरु चुरामन साहू, बलीराम साहू, हीरालाल साहू, जनक लाल साहू प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। इस दौरान सदगुरु कबीर साहेब एवं भक्त माता कर्मा की पूजा आरती कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने समाज के लोगों संबोधित करते हुए गुरु महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि इस संसार में गुरु के समान कोई दाता नहीं है। वह अपने शिष्य को अपने से भी अधिक महान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इकाई के अध्यक्ष परदेशी राम साहू ने सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के पर्व की आयोजन से अपनी संस्कृति से अवगत होते तथा आज के पाश्चात्य सभ्यता में अपने को अलग कर पाते हैं। इस अवसर में महिला प्रकोष्ठ से अन्नपूर्णा साहू, धनेश्वरी साहू, जानकी साहू, दुलमत साहू संयोजिका, देव कुंवर साहू, रोहिणी साहू, तामेश्वरी साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक नेमेनदर साहू, देवयांश साहू, खोमन साहू, सचिव चुलेशवर प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष दुर्गा दास साहू आदि उपस्थित थे।



### गुरु अमरदास की जयंती पर हुई गद्दी पूजा

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन, सेक्टर-6 गुरु गद्दी स्थल पर गुरु अमरदास की जयंती के अवसर पर कार्यकम का आयोजन किया गया था। जिसमे समिति के पूर्व अध्यक्ष गैंदलाल राय, बी. एल. कुर्रे अध्यक्ष, आर. डी. देशलहरा सहित अनेक सामाजिक लोग उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने गुरु अमरदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गुरु जयंती की बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना एवं गुरुवंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर गुरु अमरदास के तप, त्याग, सत्य और समता पर आधारित जीवन आदर्शों को स्मरण किया गया। भजन मंडली द्वारा मधुर भजन प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। सभी भजन प्रस्तोता सदस्यों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से किया गया। इस दौरान गैंदलाल राय ने कहा कि गुरु परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



### ज्योतिषाचार्य भट्ट का हुआ सम्मान

**भिलाई।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ज्योतिषाचार्य विजय कांत भट्ट का सम्मान उनके सेक्टर-2 स्थित निवास में किया गया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें पुष्प गुच्छ, शॉल एवं नारियल से सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, रूद्रमूर्ति महामंत्री, दिनेश सिंह, एम जी प्रभाकर और सोनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भिक्खू गण करते है चार महीने वर्षावास



दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बुद्ध विहार सेक्टर 6 भिलाई में आषाढ़ पूर्णिमा प्रथम धम्म चक्क प्रवर्तन मनाया। अपनी धम्म देशना में बताया की तथागत सम्यक संबुद्ध ने आषाढ़ पूर्णिमा के ही दिन पंचवर्गिय भिक्खूओं को सारनाथ में प्रथम उपदेश देकर धम्म चक्क प्रवर्तन किया था जिसे गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। कार्यक्रम में सुधेश कुमार रामटेके, उषा मेश्राम, नलिनी चिचखेडे, निर्मला गजभिए, सविता वासनिक, कविता चौरे, श्यामली चौरे, पायल चांदेकर, उरुवेला आदि उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### 20 को डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती पर पौधे रोपेगा मनवा कुर्मी समाज



**भिलाई।** मनवा कुर्मी कल्याण समिति की अर्धवार्षिक आमसभा अर्थसंग्रह के दिन सदस्यों की उपस्थिति में हुई। महापुरुष डॉ. खूबचंद बघेल तथा स्वामी आत्मानंद महराज के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सर्वप्रथम रमेश वर्मा ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद अतिथगण गोविन्द वर्मा, गोपाल कृष्ण वर्मा तथा राजेश वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि समाज के राज प्रधान ईश्वरी वर्मा ने समिति के निरंतर प्रगति की प्रसंशा करते हुए जनहित के कार्यों को जारी रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज के अध्यक्ष सेवकराम वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए साल भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। 20 जुलाई को डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती पर रिसाली में वृक्षारोपण पर सभी सदस्यों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार वर्मा, दुर्गेश बघेल, गुलाबचंद वर्मा, राजेश वर्मा, महेन्द्र वर्मा, डाकेश्वर परगनिहा, ललित वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, गगन वर्मा, मेहतरू राम वर्मा, अजीत बंछोर, अजय कुमार बंछोर सहित समिति के अनेकों सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीलाराम वर्मा ने तथा भगवती चरण मढ़रिया ने आभार व्यक्त किया।

## सिटी इवेंट

### ई-गवर्नेस लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में करता है मदद



**भिलाई।** कला संकाय शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी द्वारा ई-गवर्नेस इन डेली लाइफ विषय पर एक विशेष व्याख्यान सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुराना कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रमोद यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दी। ई-गवर्नेस की आधुनिक अवधारणाओं पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. यादव ने बताया कि किस प्रकार डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शासन की सेवाएं आम नागरिकों तक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ पहुंच रही हैं। उन्होंने आधार, डिजिलॉकर, उमंग एप, भीम यूपीआई, ऑनलाइन शिक्षा, हेल्थकेयर और अन्य सरकारी पोर्टल्स की भूमिका को रेखांकित करते हुए यह बताया कि ई-गवर्नेस आज के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल इंडिया के उद्देश्यों से परिचित कराना और उन्हें तकनीक के सही उपयोग के प्रति जागरूक करना था। व्याख्यान के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा द्वारा ई-गवर्नेस पर कहा कि ई-गवर्नेस आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं, सेवाओं और जानकारी तक सीधे पहुँच प्रदान करता है। इससे जनता और सरकार के बीच की दूरी कम होती है। एक उत्तरदायी शासन प्रणाली विकसित होती है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुषमा दुबे द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री वाकणकर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक व्याख्यान विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं। इस व्याख्यान से ई गवर्नेस कि अवधारणा स्पष्ट हो गई है।

■ शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी में ई-गवर्नेस इन डेली लाइफ पर कार्यशाला

## सिटी इवेंट

### सेंट थॉमस कॉलेज में प्राचार्य का विदाई समारोह आयोजित

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा भिलाई में निवर्तमान प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन केसम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉ एम जी रोईमोन ने सहायक प्राध्यापक के रूप में सन 1986 में अपने सेवा आरम्भ की तथा सन 2016 से 2025 तक प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ एम जी रोईमोन के महाविद्यालय मे कार्यकाल की चर्चा के साथ हुआ। प्रारंभ में वर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ शाइनी मेंडोंस ने पूर्व प्राचार्य के कार्यों एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। मैनेजर बिशप हिस ग्रेस एलेक्सीओस मार युसेबिओस, महाविद्यालय के ट्रैज़रर रेवरेंट फादर थॉमस रम्भान एवं प्रशासक फादर डॉ पी. एस. वर्गीस ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मैनेजर बिशप ने कहा कि डॉ एम जी रोईमोन ने महाविद्यालय के विकास में विशिष्ट योगदान दिया। ट्रैज़रर रेवरेंट फादर थॉमस रम्भान ने कहा कि डॉ एम जी रोईमोन ने महाविद्यालय को नयी ऊंचाई तक पहुँचाया। प्रशासक फादर डॉ पी. एस. वर्गीस ने डॉ एम जी रोईमोन को सरल एवं महान व्यक्ति बताया। डॉ एम जी रोईमोन ने अपने उद्बोधन में अपनी सेवाकाल की याद करते हुए अपने अनुभव साझा किये एवं सभी को धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उज्वला सुपे, डॉ अरविंद साहू एवं डॉ संतोष मीरी ने डॉ एम जी रोईमोन के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर एवं सौहाद्र पूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ वी शांति ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुभूति झा ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## उवसग्गहरं उत्सव

### प्रभु महावीर ने साढ़े 12 साल तक संयम साधना के बाद राग-द्वेष से मुक्ति पाई



**भिलाई।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में 54 दिवसीय उवसग्गहरं उत्सव चातुर्मास में आचारांग आगम प्रवचन माला का प्रारंभ हुई। भरूच निवासी गुरुभक्त मयूर -स्मिताबेन सेठ के चातुर्मासिक निवास से गाजे-बाजे के साथ आगम यात्रा निकाली गई। आगम वधामणा के साथ आगम ग्रंथ गुरुवर्याश्री को समर्पित किया गया। इसके बाद विशाल धर्मसभा को साध्वी लब्धियशा श्री ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु महावीर ने साढ़े 12 वर्ष की उग्र संयम साधना के बाद राग द्वेष से मुक्ति प्राप्त की, वीतराग बने। वीतराग बनते ही देवो द्वारा रचित भव्य समवशरण में विराजमान होकर प्रभु ने अपनी देशना का अमृत प्रवाहित किया। प्रभु के प्रधान शिष्य गणधर भगवंत की देशना सुनकर उसे सूत्र के रूप में संकलित करते हैं। वे संकलित सूत्र ही जैन परिभाषा में आगम कहलाते हैं। कुल 45 आगमों में प्रभु महावीर की प्रथम देशना होने का गौरवपूर्ण स्थान आचारांग आगम को प्राप्त है। इस आगम ग्रंथ में वैचारिक शुद्धि द्वारा आचरण शुद्धि तक पहुंचने की प्रक्रिया बताई गई है। शुद्ध आचरण व्यक्ति की मानसिकता का परिचायक होता है। व्यवहार में मर्यादा और विवेक अत्यंत जरूरी है। जहां मर्यादा का पालन एवं विवेक बुद्धि से निर्णय लिए जाते हैं, वहां समन्वय सहजता से हो जाता है। मर्यादा एवं विवेक के अभाव में विवाद उत्पन्न होते हैं। प्रभु महावीर ने विवाद को खत्म कर संवाद साधने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरो की प्रतिमा ध्यान अवस्था में ही पाई जाती है, क्योंकि तीर्थंकर प्रभु साधना काल में अपना अधिकतम समय ध्यान में ही लीन रहते हैं। उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ मे अनेक अशोक वृक्ष हैं। इन वृक्षों के नीचे बैठ कर ध्यान साधना करने से व्यक्ति शोक-विषाद एवं व्यर्थ की चिंताओ से मुक्त बनता है। तीर्थंकर प्रभु स्वयं अशोक वृक्ष के नीचे बैठ कर ही उपदेश दिया करते हैं। ध्यान द्वारा साधक प्रभु की ऊर्जा की अनुभूति कर सकते हैं। शनिवार दोपहर को 3 बजे नागपुर से ज्ञानानंदी सुश्रावक जगदीशभाई सावड़िया द्वारा प्रतिक्रमण से परिणति विषय पर विशेष विवेचन किया जाएगा।

## अस्पताल में 359 यूनिट ब्लड उपलब्ध

### ब्लड की कमी से जूझ रही महिला को उपलब्ध कराया 6 यूनिट ब्लड, बचाई जान



**दुर्ग।** जिला अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में भर्ती मरीज आरती पति लोकेश मारकंडे में ब्लड की कमी थी। महिला के जान पर बन आई थी। इस पर आनन-फानन में 6 यूनिट ओ पाजिटिव ब्लड उपलब्ध कराया गया। ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि जैसे ही डिमांड आई, वैसे ही ब्लड भेजना शुरू कर दिया। इधर डोनरों को तलाशा गया। तुरंत ब्लड लिया गया और मरीज तक पहुंचाया गया। पूर्व में डिलीवरी वार्ड में एडमिट गंभीर मरीजों को रेयल ब्लड ग्रुप भी उपलब्ध कराया गया था। पूर्व में सर्जरी वार्ड में भर्ती ब्लीडिंग पाइल्स वाले ए निगेटिव रेयर ब्लड ग्रुप को फ्री में ब्लड उपलब्ध करा कर जान बचाई गई। एम्स रायपुर से रिफर हीमोफीलिया मरीज को 2 यूनिट बी निगेटिव प्लाज्मा (और 1 यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया। करीबन 4 साल से जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक से सभी मरीजों और आसपास के सभी अस्पतालों में मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार घुमका स्कूल के प्राचार्य प्रशांत बंजारे ने ओ पॉजिटिव ब्लड थैलेसीमिया मरीज के लिए रक्तदान किया गया। इस दौरान ब्लड बैंक काउंसलर टीएस एंथोनी, नर्सिंग अधिकारी सती गुप्ता, लैब टेक्नीशियन सूरज, कुसुम चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर और माला उपस्थित थे। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 359 यूनिट ब्लड उपलब्ध है।

**फ्री में ब्लड उपलब्ध करा कर जान बचाई गई**

## लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने लगाया एग्जीबिशन

कार्नर न्यूज

### सावन लगते ही महिलाएं दिखी उत्साहित, तीज पर साड़ियों और लड्डू गोपाल की पोशाक की हुई खरीददारी, बच्चों को भाए खिलौने

**भिलाई।** सावन की शुरुआत से ही महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं सावन की थीम पर पार्टी सेलिब्रेट करने से लेकर तीज की तैयारी में जुट गई है। राखी, जन्माष्टमी, तीजा सहित कई त्यौहारों में खरीददारी के लिए नेहरु नगर में एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। जहां महिलाओं के लिए घरेलू सजावट के सामान, गोपाल जी के वस्त्र आदि की सुदंर वैरायटी एक ही छत के नीचे मिल रही है। जिसे खरीदने दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं के स्टॉल में जमकर खरीददारी हुई। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर ईस्ट में दो दिवसीय आकर्षण एग्जिबिशन का आयोजन किया गया है।



### खूबसूरत सुसज्जित स्टॉल लगे हुए

एग्जीबिशन में मुख्य अतिथि में डब्लू ई डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 की चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट अनिता अग्रवाल उपस्थित हुईं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर के प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ये बहुत ही सराहनीय कदम है। एग्जीबिशन में कोलकाता, आगरा भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिल्हा, गोंदिया, बिलासपुर, राजनांदगांव, नागपुर आदि से महिला स्वावलंबी अपने सुन्दर सामानों के साथ स्टॉल लगाने के लिए आए हुए हैं। भगवान की सुंदर पोशाक, ज्वेलरी, पर्स, कुर्तियां, बेडशीट, कंफर्टर, साड़ियां, सुन्दर राखियां, किट्स, गिफ्ट आइटम, कलाकृतियां, बच्चों के खूबसूरत सामान, बड़ी, पापड़, सूखा नाश्ता, मुख वाश आदि वस्तुओं के खूबसूरत सुसज्जित स्टॉल लगे हुए हैं।



### सभी कर रहे सराहना

आयोजन में लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट के सदस्य सभी व्यवस्थाओं का ध्यान रख रहे हैं। एग्जीबिशन में खरीददारी करने वालों का तांता लगा हुआ हैं। भिलाई ग्रेट के इवेंट की सभी सराहना कर रहे हैं। इस अवसर पर लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट की प्रेसीडेंट बबीता सोनी, सचिव अर्चना गुप्ता, कोषाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, सरोज दिनोदिया, अनिता पांडेय, सुनीता बल्लेवार, मंजू शर्मा, सुनीता शर्मा, मंजू बंसल, प्रभा पटेल, भावना ग्ुल्हाने, प्रमिला मित्तल सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला क्रिकेट संघ का ट्रायल शुरू



**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल प्रारंभ हो गए हैं। पहले दिन शुक्रवार को अंडर-14 के 185 खिलाडियों ने लिया भाग लिया। रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों का ट्रायल प्रारंभ कर दिया है। ज्ञातव्य है कि 01 जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया था। इसके बाद वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। पहले दिन आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर-14 वर्ग के लगभग 185 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। यह ट्रायल 3 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रारंभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया। 12 जुलाई को अंडर 14 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल 3 स्लॉट में संपन्न होगा।

### ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग में प्रकाश ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** आगरा में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रकाश राव ने पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 120 किलोग्राम वजन वर्ग समूह में भाग लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त किये। वर्तमान में राव बिलासपुर रेलवे मंडल में डिप्टी सीटीआई के पद पर कार्यरत है। विदित हो कि प्रकाश राव भिलाई के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जो कि भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान है एवं उन्होंने अपनी कप्तानी में लगभग 8 से 10 बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इनकी इस उपलब्धि पर विभाग प्रमुख रेलवे मंडल प्रबंधक, सीनियर वाणिज्य प्रबंधक, (कोच) इकबाल अहमद एवं विभागीय सहकर्मी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### राजधानी में कल जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता



**रायपुर।** रायपुर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएसन द्वारा 13 जुलाई को सुबह 11 बजे से अन्तराष्ट्रीय तरणताल पर एक दिवसीय जिला स्तरीय सब- जूनियर जूनियर बालक/बलिका तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जन्म वर्ष 2013-2014 सब – जूनियर, जन्म वर्ष 2011-2012 ( आयु वर्ग)14 वर्ष, जन्म वर्ष 2008-2009-2010 (आयु वर्ग) 17 वर्ष के भीतर जूनियर वर्ग होगा। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण महापौर व एसोसिएशन की संरक्षक मीनल चौबे के द्वारा शाम 4:30 बजे से किया जायेगा। चयनित तैराक अगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### भालाफेंक चैम्पियनशिप की मेजबानी इस बार बिलासपुर को




**रायपुर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एथलेटिक्स खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 7 अगस्त 2021 को ओलंपिक में इतिहास रचकर पूरे देश को गौरवान्वित किया था। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने 7 अगस्त को हर वर्ष जेवलिन डे के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि पूरे भारत में जेवलिन थ्रो खेल के प्रति जागरूकता बढ़े और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इस खेल में भाग लें। नीरज चोपड़ा ने अपनी मेहनत और लगन से देशभर के खिलाड़ियों विशेषकर छत्तीसगढ़ के युवाओं में जेवलिन थ्रो के प्रति नया उत्साह पैदा किया है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ भी पिछले तीन वर्षों से जेवलिन डे को बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहा है और इस वर्ष यह चौथा जेवलिन डे बिलासपुर में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत चतुर्थ जेवलिन थ्रो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

अपने कामकाज और सेहत के बीच संतुलन जरूर बनाएं

# 8 घंटे से अधिक एक जगह बैठकर करते हैं काम तो बढ़ सकता है इन बीमारियों का खतरा

अक्सर लोग ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं और लगातार स्क्रीन देखते रहते हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो जाती है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह सिर्फ आलस्य नहीं है, बल्कि एक ऐसी आदत है जो शरीर में कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा देती है।आज की आधुनिक जीवनशैली में हमें ढेर सारी सुख-सुविधाएं मिल गई हैं, जिसकी वजह से लोग एक ही जगह बैठे-बैठे अपना सारा काम करना चाहते हैं। ऐसे में शरीर की गतिविधि कम होने से कई मुश्किलें सामने आती हैं। इसी तरह की जीवनशैली को सेडेंटरी लाइफस्टाइल कहते हैं। अक्सर लोग ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं और लगातार स्क्रीन देखते रहते हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो जाती है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।



यदि आप भी उन लोगों में से हैं जो दिन में 8 घंटे से ज्यादा एक ही जगह बैठकर काम करते हैं, तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए। यह आदत मोटापा, हृदय रोग, डायबिटीज जैसी कई लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ाती है। दरअसल, जब हमारा शरीर पर्याप्त हिलता-डुलता नहीं, तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे कई शारीरिक प्रक्रियाएं बाधित होती हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि अगर कोई 8 घंटे से अधिक एक स्थान पर ही बैठा रहता है, तो उन्हें किन बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि आप किन छोटे बदलावों से अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं।



### गतिहीन जीवनशैली से होने वाली बीमारियां

लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर की सामान्य प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। पहली प्रमुख समस्या है मोटापा। बैठे रहने से कैलोरी बर्न नहीं होती, जिससे वजन बढ़ता है। मोटापा अपने आप में डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियों का कारण बनता है।

दूसरी, टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। सेडेंटरी लाइफस्टाइल इंसुलिन सेंसिटिविटी को कम करती है, जिससे ब्लड शुगर का लेवल अनियंत्रित हो सकता है। तीसरी, हृदय रोग का जोखिम। लंबे समय तक बैठने से रक्त संचार धीमा पड़ता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। चौथी, कमर और पीठ दर्द। गलत मुद्रा में बैठने से रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे पुराना दर्द शुरू हो सकता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

गतिहीन जीवनशैली न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव, चिंता और अवसाद का खतरा बढ़ता है। शारीरिक गतिविधि की कमी से एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव कम होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। इसके अलावा, नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ता है।

### क्यों बढ़ रहा है यह खतरा?

आज के दौर में डेस्क जॉब, रिमोट वर्क और स्क्रीन टाइम ने लोगों को कुर्सी से बांध दिया है। कंप्यूटर, मोबाइल और टीवी के सामने घंटों बिताने से शारीरिक गतिविधियां कम हो गई हैं। मानसून या ठंड जैसे मौसम में बाहर निकलना और कम हो जाता है, जिससे गतिहीनता और बढ़ती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी आयु वर्ग इस जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं।

### बचाव के उपाय

गतिहीन जीवनशैली से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। हर 30-40 मिनट में उठकर 2-3 मिनट टहलें या स्ट्रेचिंग करें। रोजाना 30 मिनट टहलें, योग या कोई व्यायाम जरूर करें। हमेशा सीधे बैठें और अपनी रीढ़ को सहारा देने वाली कुर्सी का उपयोग करें। पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें, जिसमें फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट शामिल हों। ये छोटे बदलाव आपको स्वस्थ और सक्रिय रहने में मदद करेंगे।



## कपूर और नींबू का छिलका उबाल कर आजमाएं

रसोई में बहुत सी चीजें ऐसी होती है। जिनसे जुड़े हम हैक्स नहीं जानते हैं। आज हम आपको कपूर और नींबू के छिलकों से जुड़े कुछ स्मार्ट किचन हैक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आपके बहुत काम आसान हो जाएंगे। कपूर और नींबू के टुकड़ों को पानी में उबालने से क्या होता है आज हम आपको इस आर्टिकल इसी के बारे में बताने जा रहे हैं। कपूर और नींबू से आप अपने किचन के कई काम को आसान बना सकती हैं। यह आपके बेहद काम आने वाले हैं। चलिए फिर जान लेते हैं नींबू के टुकड़े और कपूर को पानी में एक साथ उबालने के फायदे।

### नींबू और कपूर उबालने से क्या होता है?

आप भी नींबू और कपूर को पानी में उबालकर किचन के काम को आसान बना सकती हैं। आइए जान लेते हैं सभी के बारे में विस्तार से।

### कीड़े-मकौड़े भगाएं

अक्सर किचन में कुछ भी खाने-पीने का सामान फैल जाने पर या बारिश के मौसम में मक्खी, मच्छर और चींटियां आदि डेरा जमाने लगती हैं। ऐसे में आप पानी में नींबू के टुकड़े और कपूर की गोलियां डालकर उन्हें उबाल लें।

अब इस पानी को ठंडा करके छान लेना है और किसी स्प्रे बोतल में भरकर रख लें। इस घोल को आप अपनी किचन की स्लैब और कैबिनेट्स में छिड़काव कर सकती हैं।

### सीलन की स्मेल होगी दूर

बारिश के मौसम में अक्सर किचन में और कैबिनेट्स के अंदर सीलन की स्मेल आने लगती है। ऐसे में आप नींबू और कपूर को उबालकर



उसका पानी ठंडा करके छान लें। फिर इसे किसी भी स्प्रे बोतल में भरें और किचन कैबिनेट्स में इसको छिड़क दें। ऐसा करने से सीलन की स्मेल एकदम गायब हो जाएगी और अलमारियां महकने लगेगी। इस स्प्रे का खाने-पीने की चीजों पर गलत असर भी नहीं होगा। यानि यह एक नेचुरल एयर फ्रेशनर का काम करेगा।

### किचन सिंक की चिकनाई करें साफ

आप नींबू और कपूर के इस पानी से किचन सिंक की चिकनाई भी दूर कर सकती हैं। इसके लिए आपको नींबू और कपूर वाले इस घोल को गर्म किसी बर्तन में निकाल लेना है। अब इसमें आप कोई लिक्विड डिश वाश और बेकिंग सोडा मिला लें और फिर लोहे वाले स्क्रबर को इस घोल में डुबोकर किचन सिंक की चिकनाई को रगड़ें। इसके बाद सिंक नई जैसी नजर आएगी।

### सिंक पाइप की स्मेल दूर

आप किचन सिंक के पाइप में नींबू और कपूर का गर्म पानी पाइप में रात में डाल दें। इससे आपके किचन सिंक का कचरा और बदबू दोनों गायब हो जाएंगी और आपका सिंक एकदम महकने लगेगा।

## सावन के महीने से आखिर कैसे जुड़ गया झूला, जानिए

सावन में कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जो अपने घरों में झूला डालते हैं। लेकिन इसके पीछे क्या महत्व होता है। सावन का महीना बेहद खास होता है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा की जाती है। यही महीना ही है जिसमें हर जगह हरियाली नजर आती है। ऐसा कहा जाता है कि इसी महीने में घरों में झूला भी डाला जाता है। इसके पीछे कई सारे धार्मिक महत्व भी है। इसी महत्व के बारे में हम आपको आज आर्टिकल में बताते हैं, ताकि आप भी इस सावन के महीने में घर पर झूला जरूर डाल सके।



### सावन में झूला डालने की परंपरा कहां से आई

हिंदू धर्म के अनुसार, सावन का महीना माता पार्वती और भगवान शिव के मिलन का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान माता पार्वती अपने मायके गई थी और वहां पर सहेलियों के साथ झूला झूलती नजर आई थी। इससे माता पार्वती को काफी आनंद मिला। यह परंपरा स्त्रियों के लिए विशेष मायने रखती है, खासकर कुंवारी कन्याएं और विवाहित महिलाएं इस दौरान व्रत रखती हैं और झूला झूलकर मां गौरी का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। इसलिए अक्सर सावन में झूला डाला जाता है।

### सावन में झूला कैसे डाला जाता है

सावन में झूला डालने से पहले मजबूत रस्सी को रखा जाता है। साथ ही, इस रस्सी की पूजा की जाती है। इसके बाद घर के आंगन में झूला डाला जाता है। इस तरह से झूला डालने से माता पार्वती का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही, सावन में झूला झूलने का आनंद बढ़ जाता है। इसे घर के बड़े लोग डालते हैं, ताकि घर की महिलाएं अच्छे से झूला झूल सके। साथ ही, इस मौसम का आनंद ले सके।

## पैरा कैनो खिलाड़ियों का बोट के साथ हुआ परीक्षण, बताईं खेल की बारीकियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के द्वारा भारतीय कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के साथ मिलकर दो दिवसीय पैरा कैनो की वर्कशॉप राज्य की राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय, इंडोर स्टेडियम एवं प्रैक्टिकल जानकारी बूढ़ा तालाब पर आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को लाभान्वित करना व राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लेने योग्य बनाना था।

इस संबंध में भारतीय कयाकिंग एंड कायकिंग एसोसिएशन के प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के परफॉरमेंस को देखकर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ी जल्द ही इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खेलते दिखेंगे क्योंकि एक दिन में ही सभी खिलाड़ी बोट्स को आराम से चलाने लगे जिसमें बैलेंसिंग करने में ही खिलाड़ियों की काफ़ी समय लगता है। यदि इन खिलाड़ी पर कार्य किया जाए तो आने वाले समय मैं शीघ्र ही छत्तीसगढ़ का नाम भारत में पेरा कैनोइंग में चमक जाएगा।



इस दौरान प्राची यादव और मनीष कौरव ने पैरा कैनो की बोट में खिलाड़ियों को बिठाकर टेस्ट लिया और उनकी योग्यता का परीक्षण किया। यहां से चयनित खिलाड़ी भोपाल के पैरा सेंटर में प्रशिक्षण लेंगे, जहां पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व पैरा चेयरपर्सन मयंक ठाकुर प्रशिक्षण देते हैं। सभी बोट्स एसोसिएशन के द्वारा खरीदी गई है।

समापन समरोह में टंकराम वर्मा खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन, प्रशांत सिंह रघुवंशी, चेयरमैन सीजी पैरा कैनोइंग, सह सचिव भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन, मुरली शर्मा अध्यक्ष जोन 4 नगर पालिका निगम, अकरम ख़ान और डॉ नवीन बाफना ने झण्डा दिखा कर पैरा केनो खेल का शुभारंभ किया। खेल मंत्री वर्मा ने खिलाड़ियों के साथ नीचे बैठ कर आपस में चर्चा भी की और खेल की बारीकियों को समझा। उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

### राज्यपाल से भारतीय पैरा कैनो एथलीट खिलाड़ियों ने की भेंट

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में अर्जुन पुरूस्कार से सम्मानित भारतीय पैरा कैनो एथलीट प्राची यादव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मनीष कोरव, खिलाड़ी विपिन कुर्मी, कोच प्रशांत सिंह रघुवंशी, सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के बाद डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा केनो खेल में चोट लगने पर बचाव की जानकारी दी। आयोजन में प्रवेश जोशी जिला खेल अधिकारी, त्रिपाठी साई इंचार्ज, तामेश्वर, खिलेश्वर चंद्राकर और आनंद चंद्राकर भी उपस्थित थे।



कार्नर न्यूज

बच्चे को बेहतर माहौल देने की जिम्मेदारी अभिभावकों की

# बच्चा बोलने लगा है झूठ तो माता-पिता की कुछ आदतें हो सकती हैं जिम्मेदार, आसान तरीके जरूर अपनाएं

अभिभावक बच्चों को ऐसा ऐसा माहौल दें, जहां वे बिना डरे सच्चाई कह सकें। याद रखें, बच्चे वही सीखते हैं जो वो अपने आस-पास देखते हैं। आइए जानते हैं माता पिता की पांच सामान्य गलतियां जो बच्चे को झूठ बोलने पर मजबूर कर देती हैं। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा ईमानदार, समझदार और सच्चाई पर चलने वाला बने। लेकिन कई बार बच्चे अचानक से झूठ बोलने लगते हैं और माता-पिता हैरान रह जाते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है। दरअसल, इसके पीछे बच्चे की गलती नहीं बल्कि पैरेंट्स की कुछ छोटी-छोटी गलतियां जिम्मेदार होती हैं। ऐसे में अगर बच्चों को झूठ से दूर रखना है तो पहले हमें अपने व्यवहार को ईमानदार और समझदारी भरा बनाना होगा।



### सजा का डर दिखाना

जब बच्चा कुछ गलत करता है और अभिभावक उसे सजा देने की धमकी देते हैं तो अगली बार वह डर की वजह से सच्चाई छुपाने लगता है। इससे वह झूठ बोलने की आदत डाल लेता है। गलतियां तो सभी करते हैं लेकिन अपनी गलती मानकर बच्चा उसे माता पिता के सामने तभी कबूल करेगा जब उसे ये डर नहीं होगा कि सच्चाई बताने पर उसे सजा मिल सकती है।

### ओवररिएक्ट करना

अगर आप छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करते हैं या चीखते-चिल्लाते हैं तो बच्चा सोचता है कि सच्चाई बताकर परेशानी मोल लेना ठीक नहीं। ऐसे में वो झूठ को सुरक्षा कवच बना लेता है। अपने जीवन से जुड़ी कोई बात बताने से बेहतर वह बात छुपाना समझता है।

### बच्चे की भावनाओं को नजरअंदाज करना

जब बच्चे की बातों को अनसुना कर दिया जाता है या उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाता तो वे अपने विचार और सच्चाई छुपाना शुरू कर देते हैं। अक्सर जाने-अनजाने में माता-पिता बच्चे के विचार या उसकी पसंद व सोच को न सुनकर अपना फैसला सुना देते हैं। अभिभावक की ये आदत बच्चे को उनके सामने सच बोलने से रोकने लगती है।

### खुद झूठ बोलना

अगर माता-पिता खुद दूसरों से झूठ बोलते हैं, जैसे- फोन पर बोल दो 'मैं घर पर नहीं हूं।' तो बच्चा इसे सामान्य मानने लगता है और वो भी वैसा ही करने लगता है। वहीं माता-पिता एक दूसरे से भी कई बार बच्चे के सामने झूठ बोलते हैं। यह सब देख वह झूठ को सामान्य बात मानकर अपनी आदत में झूठ को शामिल कर सकता है।

### हर गलती पर आलोचना करना

बच्चा अगर कुछ गलत करता है और माता-पिता सिर्फ उसकी आलोचना करते हैं तो वह अगली बार सच्चाई छुपाना पसंद करता है ताकि शर्मिंदगी से बच सके। ऐसा आमतौर पर स्कूल टेस्ट में मिलने वाले कम अंकों के वक्त देखा जाता है। माता-पिता उसके अंकों से नाखुशी सामने जाहिर करते हैं, ऐसे में बच्चा अगली बार उन्हें अपनी रिपोर्ट कार्ड दिखाने से बचता है और झूठ बोलने लगता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'टेरिफायर' हाउस 2022 सीक्वल से प्रेरित हैलोवीन हॉरर नाइट्स प्रदर्शन के लिए तैयार



इस वर्ष के हेलोवीन हॉरर नाइट्स कार्यक्रम के भाग के रूप में टेरिफायर के प्रशंसकों को एकमात्र आर्ट द क्लाउन अभिनीत हॉरर का एक मजेदार अनुभव मिलेगा। यूनिवर्सल स्टूडियोज़ हॉलीवुड और यूनिवर्सल ऑरलैंडो रिज़ॉर्ट ने 2025 के हाउस लाइनअप में नवीनतम जोड़ के रूप में स्लेशर फ्रैंचाइज़ी की घोषणा की। यह खबर फॉलआउट, फ्राइडे द 13 और फाइव नाइट्स एट फ्रेडीज़ पर आधारित हाउस और अनुभवों के पिछले खुलासों के बाद आई है। लेखक-निर्देशक डेमियन लियोन, निर्माता फिल फाल्कोन और डार्क एज सिनेमा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित ब्रह्मांड पर आधारित यह भूलभुलैया ₹एक भयावह प्रेतवाधित घर है जो आतंक की एक नई भावना से भरा हुआ है। 2022 के सीक्वल के वीरान कार्निवल में आर्ट द क्लाउन के दुःस्वप्न फ़नहाउस से प्रेरित होकर, इस घर में उपस्थित लोग टेरिफ़ायर के मुख्य हत्यारे के नवीनतम शिकार बनेंगे। जैसे-जैसे वे अंदर जाएँगे, प्रशंसक आर्ट द्वारा की गई भयावह हत्याओं के ₹दृश्यों, ध्वनियों, गंधों और भयर से अभिभूत होने की उम्मीद कर सकते हैं, जिन्हें कार्यक्रम के अनुसार ₹सभी के देखने के लिए खुशी से प्रदर्शितर किया जाएगा।

फ्रैंचाइज़ी की कई प्रतिष्ठित हत्याओं को देखने के अलावा, घर के ₹क्लस्ट्रोफोबिकर गलियारों में उपस्थित लोग विकी और लिटिल पेल गर्ल सहित कुछ परिचित चेहरों से भी मिलने की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि वे क्लाउन कैफे, एक विद्रोही बाथरूम और एक घातक क्रिसमस हॉररस्केप जैसे पुनर्निर्मित स्थानों से गुजरते हैं। अपनी बेलगाम क्रूरता और बेबाक खून-खराबे के लिए मशहूर, टेरिफ़ायर फ्रैंचाइज़ी हॉरर शैली की सबसे बड़ी आधुनिक सफलता की कहानियों में से एक है।

### टॉलीवुड

## राजामौली ने किया 'बाहुबली: द एपिक' का ऐलान, एक बार फिर दिखेगा जलवा



साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक 'बाहुबली द बिगनिंग' को 10 साल पूरे हो गए हैं। प्रभास स्टारर यह फिल्म को 10 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड शानदार कमाई की थी और सबसे सक्सेसफुल फिल्मों में अपना नाम दर्ज कराया। आज जब फिल्म को 10 साल पूरे हो गए हैं तो मेकर्स ने ऑडियंस को एक और तोहफा देने का ऐलान कर दिया है।

दरअसल बाहुबली फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से इस बात का ऐलान किया गया है कि बाहुबली के पहले और दूसरे पार्ट को एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 'बाहुबली मूवी' ने लिखा है- 10 साल पहले, एक सवाल ने पूरे देश को एकजुट कर दिया था...अब वही सवाल और उसका जवाब लौट रहे हैं—एक भव्य महाकाव्य में साथ-साथ। 'बाहुबली द एपिक' पूरी दुनिया में 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज हो रही है। 'बाहुबली: द एपिक' दरअसल पहली और दूसरी फिल्म को मिलाकर दिखाए जाने वाला एक वर्जन होगा। इस फिल्म के जरिए मेकर्स एक बार फिर बाहुबली की यादों को पर्दे पर ताजा करना चाहते हैं।

फिल्म के डायरेक्टर एस एस राजामौली ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने लिखा, 'बाहुबली... कई यात्राओं की शुरुआत, अनगिनत यादें और अंतहीन प्रेरणा। 10 साल पूरे हो चुके हैं और इसे यादगार बनाने के लिए आ रही है 'बाहुबली द एपिक'! 'बाहुबली' को वैसे तो कई अवॉर्ड्स मिले थे लेकिन इसे राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजा गया – जिसमें बेस्ट फीचर फिल्म और बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स प्रमुख हैं। ये आज भी छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म है और इसकी हिंदी डब्ड वर्जन अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली डब्ड फिल्म है।

### भोजपुरी

## काजल की नई फिल्म 'गुजराती बहू' का ट्रेलर जारी, दर्शकों ने किया पसंद



काजल राघवानी की नई भोजपुरी मूवी 'गुजराती बहू' का ट्रेलर यूट्यूब पर छाया हुआ है। इसे अब तक 15 लाख से ज्यादा लोगों ने देख डाला है और इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फैंस का कहना है कि ये एकदम अलग हटकर फिल्म है, जो खूब धमाल मचाएगी। काजल राघवानी की अपकमिंग मूवी 'गुजराती बहू' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया है। इसे खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म में काजल राघवानी ने एक गुजराती बहू का किरदार निभाया है, जिसकी शादी उत्तर प्रदेश में रहने वाले एक परिवार से हो जाती है। जहां वो सबका दिल जीतने की कोशिश करती है, लेकिन उसकी जिंदगी में तूफान मच जाता है।

भोजपुरी फिल्म 'गुजराती बहू' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें दिखाया गया है कि यूपी के परिवार का एक बेटा गुजराती लड़की (काजल राघवानी) से शादी कर लेता है और उसे बहू बनाकर अपने घर लाता है तो उसके भाई और भाभी खिलाफ हो जाते हैं। वो लड़की को अपनाने से इनकार कर देते हैं। लेकिन लड़की अपनी नेकदिली से सबका दिल जीत लेती है। जब सब कुछ ठीक हो रहा होता है, तभी कुछ ऐसा होता है कि उसकी जिंदगी बदल जाती है। इस फिल्म में काजल राघवानी, प्रशांत सिंह, रंभा साहनी, रिंकू भारती, संगीता राय, पुष्पेंद्र राय, ऋतु चौहान और पार्थ मिश्रा हैं।


### लाइफ स्टाइल

## फरिश्ते जमीं पर



डाक्टरों को इस जमीन का फरिश्ता माना जाता है। हाल ही में बीजिंग में चाइना इंटरनेशनल फ़ैशन वीक के दौरान मेडिकल प्रोफेशनल्स से प्रेरित पोशाकें पहन कर मॉडल रनवे पर आए। यह एक तरह से इस जमीन के फरिश्तों को आदरांजलि है। आयोजकों और डिज़ाइनरों का कहना है कि यह कोविड जैसी महामारी की रोकथाम में शामिल मेडिकल प्रोफेशनल्स को श्रद्धांजलि भी है, और इसकी थीम 'खतरे में जूझते नायक' रखी गई है।

## बारिश में स्किन होने लगी है चिपचिपी, इन ट्रिक्स से दिखें फ्रेश



बारिश का मौसम जहां गर्मी से राहत दिलाने का काम करता है, वहीं इस मौसम में त्वचा की सही तरह से देखभाल न की जाए तो अनचाही स्किन प्रॉब्लम्स भी शुरू हो जाती हैं। दरअसल, इस मौसम में हवा में बढ़ती नमी और उमस के कारण त्वचा से ज्यादा तेल निकलता है और इस वजह से स्किन चिपचिपी होने लगती है। यह चिपचिपापन मुंहासे, ब्लैकहेड्स और त्वचा से जुड़ी कई परेशानियों को जन्म देता है। इस वजह से जहां त्वचा का ग्लो कम हो जाता है, तो वहीं ये बेजान भी नजर आती है। अगर आप इस मौसम में चिपचिपी स्किन को फ्रेश और ग्लोइंग बनाएं रखना चाहती हैं, तो आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

यहां बताई गई टिप्स चिपचिपी त्वचा को फ्रेश और ग्लोइंग बनाने के लिए मददगार साबित हो सकती हैं। साथ ही, इन टिप्स को आप अपने स्किन केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### फोमिंग क्लींजर का करें इस्तेमाल

चिपचिपी त्वचा की समस्या से राहत पाने के लिए आप फोमिंग क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये त्वचा के एक्स्ट्रा ऑयल और गंदगी को साफ करेगा, साथ ही, पोर्स को बंद होने से भी रोकेगा। फोमिंग क्लींजर की मदद से आप रोजाना चेहरे को साफ करें और ये काम सुबह और शाम दोनों समय करें।

### मॉइस्चराइजर का करें इस्तेमाल

चिपचिपी त्वचा होने पर अगर आप मॉइस्चराइजर इस्तेमाल नहीं करती हैं, तो स्किन से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। ये त्वचा को हाइड्रेटेड रखेगा, साथ ही, त्वचा पर नमी बनाए रखने का काम करेगा। बारिश के मौसम में आप लाइट मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल कर सकती हैं और इसके लिए आप किसी एक्सपर्ट की भी मदद ले सकती हैं।

### फेस मिस्ट करें अप्लाई

फेस मिस्ट स्किन के पोर्स को कसने और त्वचा के pH संतुलन को बनाए रखने का काम करता है, साथ ही, फेस मिस्ट स्किन को फ्रेश भी रखता है। फेस मिस्ट को आप दिन में 2 से 3 बार चेहरे पर स्प्रे करें ताकि त्वचा फ्रेश रहे। चिपचिपी त्वचा की समस्या को कम करने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये चेहरे के एक्स्ट्रा ऑयल को सोखने और त्वचा को डिटॉक्स करने का काम करेगा।

## स्टाइलिश लुक पाने प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो के खास डिजाइंस आपके लिए



अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट जहां आपको क्लासी दिखाएगा, वहीं ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए भी यह आउटफिट बेस्ट ऑप्शन है।





कुर्ता और प्लाजो इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं, और ऐसा इसलिए क्योंकि यह आउटफिट इस समय महिलाओं का पसंदीदा ऑप्शन बन गया है। इस आउटफिट में वे जहां कम्फर्टेबल रहती हैं, तो साथ ही, सुंदर भी नजर आती हैं। इसी के साथ, ये आउटफिट ट्रेंडी और मॉडर्न लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। यह आउटफिट महिलाएं ऑफिस जाने के दौरान पहन सकती हैं और कई सारे खास मौकों पर भी स्टाइल करने के लिए ये बेहतरीन ऑप्शन हैं। यह आउटफिट आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप भीड़ से अलग और नया लुक चाहती हैं, तो प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो का चुनाव कर सकती हैं।आपको कुछ प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो सेट दिखा रहे हैं। ये आउटफिट आपके डेली वियर को अपग्रेड करने और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

### फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो

ऑफिस में स्टाइल करने के लिए इस तरह के फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो बेहतरीन रहेंगे। इनको पहनने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह आउटफिट फ्लोरल पैटर्न में है और वी-नेक डिजाइन में आता है। इस तरह का आउटफिट क्लासी लुक देगा और इसे स्टाइल करने के बाद आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। इस आउटफिट को आप कई सारे पैटर्न और नेक डिजाइन ऑप्शन्स के साथ ले सकती हैं, और ये आपको आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएंगे। इस आउटफिट के साथ आप ऑक्सीडाइज झुमकेपहन सकती हैं और हेयर स्टाइल को स्ट्रेट रख सकती हैं।

### ब्लॉक प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो

अगर आप किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं, तो आप इस तरह के ब्लॉक प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक रॉयल नजर आएगा, साथ ही, आप खूबसूरत भी दिखेंगी। यह आउटफिट आपको कई सारे ऑप्शन के साथ मिल जाएगा।

## सिंपल ड्रेस को ग्लैमरस लुक देंगे ट्रेंडी नेकलेस



कई सारे खास मौकों पर महिलाएं ड्रेस स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, इस ड्रेस को कैसे ग्लैमरस और अट्रैक्टिव लुक दें, इसको लेकर वो काफी कन्फ्यूज रहती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है, तो आप इस आर्टिकल में दिखाए गए नेकलेस स्टाइल कर सकती हैं। ये नेकलेस आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेंगे, साथ ही, इन्हें स्टाइल करने के बाद आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### पर्ल नेकलेस

लाइट या डार्क कलर की ड्रेस के साथ आप इस तरह के पर्ल नेकलेस पहन सकती हैं। यह पर्ल नेकलेस फ्लोरल पैटर्न में है और इसे स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर नजर आएगा। यह नेकलेस आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएगा। इस पर्ल नेकलेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन, इन दोनों ही जगहों पर 300 रुपये में खरीद सकती हैं।

### स्टोन नेकलेस

अगर आप अपने आउटफिट के हिसाब से नेकलेस स्टाइल करने का सोच रही हैं, तो आप स्टोन नेकलेस का चुनाव कर सकती हैं। यह नेकलेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन्स में मिल जाएंगे। साथ ही, इस नेकलेस को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा भी लगेगा। इस नेकलेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन, इन दोनों ही जगहों से 400 से 500 रुपये में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### चोकर नेकलेस

शॉर्ट ड्रेस के साथ आप इस तरह का चोकर नेकलेस पहन सकती हैं। इस चोकर नेकलेस में स्टोन वर्क किया हुआ है। इस चोकर नेकलेस को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा। यह नेकलेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएगा।

## तेज बारिश में भी खिला रहेगा मेकअप इन आसान हैक्स से



बारिश के मौसम में अक्सर मेकअप फैल जाता है। इसी वजह से कई सारी लड़कियों को टचपच करना पड़ता है। लेकिन इस 5 मिनट वाले हैक्स की मदद से आपका मेकअप बारिश में नहीं फैलेगा।

### मेकअप से पहले एलोवेरा जेल

बारिश का मौसम में अक्सर मेकअप खराब हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप मेकअप करने से पहले एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा जेल को लगाने से स्किन हेल्दी रहती है। साथ ही, मेकअप भी बहता नहीं है। इसके लिए आपको पहले स्किन को पानी से साफ करना है। फिर अपने चेहरे पर एलोवेरा जेल को लगाना है। इसके बाद स्किन पर से पसीना और ऑयल कम हो जाता है। इससे मेकअप बारिश में नहीं बहता है।

### टिंटेड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल

गर्म और नमी वाले मौसम में फाउंडेशन बहने लगता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप टिंटेड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह हल्का और नेचुरल होता है। इसे लगाने से आपकी त्वचा पर लगा पसीना बहता नहीं है। साथ ही, आपको दोबारा टेचअप करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह के मेकअप लुक को आप अच्छी नजर आएंगी।

### सेटिंग स्प्रे से करें सेट

आप बारिश के मौसम में जब भी मेकअप करें तो सेटिंग स्प्रे से इसे सेट करें। सेटिंग स्प्रे को मेकअप अच्छे से सेट करें। इसके लिए आप मेकअप से पहले सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। इसके बाद मेकअप जब हो जाए तो फिर सेटिंग स्प्रे को लगाएं। इससे आपका मेकअप बारिश में नहीं बहेगा। इस तरह से आप मेकअप लुक को आप ट्राई करें।

### कार्नर न्यूज

### इस मौसम में फैशन पर हावी रहेगा रंग

## सावन में सिर्फ हरा नहीं, इन रंगों को भी देखें

हरे रंग के साथ ही अगर आप कुछ नए और ट्रेंडिंग रंगों को अपने स्टाइल और आउटफिट का हिस्सा बनाएंगी तो हर मौके पर आपका लुक सबसे अलग और आकर्षक बन सकता है। आइए जानते हैं सावन 2025 में हरे के अलावा कौन से रंग ट्रेंड में हैं और कैसे उन्हें अपने स्टाइल में शामिल करें।

सावन का महीना शुक्रवार से शुरु हो गया है। सावन मास आते ही हर ओर हरियाली और ताजगी का अहसास होने लगता है। यह माह धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। वहीं फैशन का भी एक अलग रंग इस दौरीन देखने को मिलता है। आमतौर पर सावन में लोग हरे रंग का प्राथमिकता देते हैं। हालांकि फैशन एक्सपर्ट्स की मानें तो इस मौसम में कुछ अन्य रंग भी उतने ही खूबसूरत और प्रभावशाली लगते हैं।

सावन सिर्फ हरियाली का महीना नहीं, बल्कि रंगों का उत्सव है। हरे रंग के साथ ही अगर आप कुछ नए और ट्रेंडिंग रंगों को अपने स्टाइल और आउटफिट का हिस्सा बनाएंगी तो हर मौके पर आपका लुक सबसे अलग और आकर्षक बन सकता है।



आइए जानते हैं सावन 2025 में हरे के अलावा कौन से रंग ट्रेंड में हैं और कैसे उन्हें अपने स्टाइल में शामिल करें।

**सावन में किन रंगों के कपड़ें पहनें**

### गुलाबी रंग

गुलाबी रंग बेहद आकर्षक होता है। बरसात के मौसम के साथ जो नमी आती है, उसमें भी यह रंग फ्रेश लुक देता है। हल्का गुलाबी या बेबी पिंक रंग चेहरे पर खास निखार लाता है। यह रंग मानसून की नमी में भी फ्रेशनेस का एहसास देता है। आप इसे सूट, साड़ी या कुर्ते के रूप में पहन सकती हैं। गुलाबी रंग संवेदनशील माना जाता है और इसे स्त्री प्रतीक के रूप में भी लिया जाता है। ऐसे में इस बारिश में गुलाबी रंग आप पर खिल उठेगा।

### नारंगी रंग

हरियाली के इस महीने में नारंगी रंग खिला-खिला दिखता है। यह रंग ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। नारंगी रंग सावन की हरियाली में अधिक ब्राइट बना देता है। आप ऑरेंज कलर की एथनिक ड्रेज, लाइट मेकअप और सिंपल ज्वेलरी के साथ एकदम परफेक्ट लुक अपना सकती हैं।

### बैंगनी या लैवेंडर रंग

इन दिनों लैवेंडर रंग ट्रेंड में है। बैंगनी या लैवेंडर कलर कभी भी मौके पर आपको रॉयल लुक देता है। लैवेंडर या बैंगनी रंग के आउटफिट आपके स्टाइल में क्लासिक और रॉयल टच लाते हैं। सावन के धार्मिक अवसरों पर यह रंग सजीवता और गहराई दोनों दिखाता है।

### पैस्टल ब्लू

पेस्टल ब्लू या हल्का नीला रंग ठंडक और संतुलन का रंग है। मानसून की उमस में पेस्टल सुकून देता है। यह रंग बेहद शांत और फैशनेबल लुक देता है। इसे ऑफिस से लेकर फंक्शन तक में कैरी किया जा सकता है।

### पीले रंग के परिधान

पीला रंग उत्सव और ऊर्जा से भरपूर होता है। सावन में पीले रंग का अपना ही आकर्षण होता है। हरियाली के बीच जब आप पीले रंग के परिधान में नजर आएंगी तो आपकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाएंगे। सावन में कई धार्मिक अवसर पर पीला रंग काम आएगा।

